हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## रहता है भारी वाहनों का दबाव

डुमर तराई में थोक अनाज के साथ फल तथा सब्जी मंडी है। अनाज के साथ फल मंडी से सामान लोड अनलोड करने भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। दोपहर में भारी वाहनों की आवाजाही थम जाती है। तेलीबांधा थाने के सामने जब चक्का जाम किया गया, उस समय सामान्य लोगों के साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही शुरू हुई थी। इस वजह से भी तेलीबांधा चौक से लेकर संतोषी नगर तथा अग्रेसन धाम तक चार किलोमीटर के करीब जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

- पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम
- सुबह एक्सीडेंट की घटना से आक्रोशित व्यवस्था सुधारने किया गया प्रदर्शन

# आधा घंटा प्रदर्शन, दो-तीन घंटे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा सिग्नल के पास शुक्रवार सुबह 11 बजे रोड एक्सीडेंट में एक युवती की मौत के बाद पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था सुधारने थाना के सामने चक्का जाम किया। चक्का जाम आधे घंटे का रहा, लेकिन इसके कारण अग्रसेन धाम से लेकर संतोषी नगर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस को ट्रैफिक क्लीयर करने दो घंटे से ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर दोनों तरफ का मार्ग क्लियर हुआ।

तेलीबांधा थाना के सामने आए दिन रोड एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। इसके लिए सिग्नल के पास ब्रेकर बनाए जाने से लेकर रोड की तकनीकी खामी दूर करने



लंबे अरसे से मांग की जा रही है। घटना दिनांक को हुए एक्सीडेंट में इसी बात को लेकर पूर्व विधायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चक्का जाम किया। पुलिस की समझाइश के बाद चक्का जाम आधे घंटे के भीतर समाप्त कर दिया गया, लेकिन इसके कारण शहर के व्यस्त हाईवे तथा रिंग रोड में गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं।

### इस वजह से भी लगा लंबा जाम

दोपहर में गर्मी तेज होने की वजह से लोग अपने जरूरी काम करने के साथ सैर करने शाम पांच बजे के बाद अपने घरों से निकलते हैं। तेलीबांधा से लेकर पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर घना रिहायशी इलाका है। सामान्य दिनों में रिंग रोड एक पर तथा तेलीबांधा से लेकर अग्रसेन धाम जाने वाले मार्ग पर वाहनों का दबाव रहता है। इस वजह से भी लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।




मरम्मत के बाद निर्माण, रायपुर की कंपनी ने लिया है ठेका

# स्काईवॉक कई जगह कबाड़, मरम्मत में ही लग जाएंगे कई हफ्ते, होर्डिंग्स हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्राउंड रिपोर्ट स्काईवॉक

राजधानी रायपुर में आठ साल से अधूरा पड़ा स्काईवॉक कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। आंधी और बारिश से स्काईवॉक के ऊपर बने फाइवर के छज्जे कई जगह से टूट कर आंधी में उड़ चुके हैं, वहीं पाथवे के ढांचा को नीचे तथा दाएं और बाएं दोनों तरफ को एल्यूमिनियम की मोटी चादरों से पैक किया गया है, ताकि स्काईवॉक में लोग बिना किसी भय के आसानी से चल सकें। ये चादरें भी कई जगह से बारिश और आंधी के कारण टूटकर गिर चुकी हैं। यही नहीं, स्काईवॉक के निर्माण के दौरान पिलरों को आकर्षित बनाने के लिए पेंटिंग चित्रकारी भी की गई थी, जो अब खराब हो चुकी है। हरिभूमि ने शुक्रवार को स्काईवॉक का मुआयना किया, जिससे पता चला कि स्काईवॉक का अधूरा निर्माण पूरा करने से पहले ठेका लेने वाली कंपनी को इसकी मरम्मत करानी होगी। इस कार्य में बड़ी राशि खर्च होगी, वहीं इसे ठीक करने में काफी वक्त भी लगेगा।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने स्काईवॉक का निर्माण पूरा करने के लिए रायपुर की पीएसएए कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका दिया है। यह कंपनी स्कॉइवॉक की मरम्मत से लेकर इसका अधूरा निर्माण भी पूरा करेगी। कंपनी ने यह ठेका 37 करोड़ 75 लाख 70 हजार 662 रुपए में लिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार स्काईवॉक ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पीएसएए कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका



### एक भी एस्केलेटर बना नहीं, सीढ़ी भी एक-दो जगह बनी वह भी अधूरी

स्काईवॉक मल्टीलेवल पार्किंग राज टॉकीज के पास से लेकर अंबेडकर अस्पताल के गेट तक बना है। इस फूट ओवरब्रिज में यात्रियों के चढ़ने-उतरने के लिए 12 जगहों पर एस्केलेटर और सीढ़ियां लगनी हैं। अभी तक स्काईवॉक में एक भी एस्केलेटर लग नहीं पाया है, वहीं सीढ़ियां भी कुछेक जगह पर ही बनाई गई हैं, वह भी अधूरी हैं। इस तरह नई कंपनी को सीढ़ियों के साथ एस्केलेटर का निर्माण भी कराना है।

### शास्त्री चौक पर ढांचा ही तैयार नहीं

स्काईवॉक का निर्माण दो चरणों में पूर्ण होना था। इसके पहले चरण में राज टॉकीज के पास से लेकर डीकेएस हास्पिटल के सामने तक तथा कचहरी चौक से लेकर आंबेडकर अस्पताल गेट तक इसका ढांचा तैयार कर लिया गया है। वहीं दूसरे चरण में इन दोनों ढांचा को जोड़ने के लिए शास्त्री चौक के पास ढांचा का निर्माण होना था। इसका कार्य शुरू ही नहीं हो पाया है। कंपनी को अब दूसरे चरण में शास्त्री चौक के पास दोनों ढांचा को जोड़ने के लिए बीच का ढांचा भी खड़ा किया जाएगा।

# अब स्लीपर से सीधा सेकेंड एसी में अपग्रेडेशन, खाली सीट रहने पर मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन में आरामदायक सफर के लिए रेलवे ने टिकट अपग्रेडेशन में नया बदलाव किया है। अब यदि यात्री ने स्लीपर क्लास में टिकट बुक कराया है और वह कंफर्म नहीं हुआ, तो घबराने की जरूरत नहीं। चार्ट तैयार होने के बाद यदि सेकेंड एसी में सीट खाली रहती है तो आपकी बुकिंग सीधे उस श्रेणी में अपग्रेड हो जाएगी। वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के। यही सुविधा अब कुर्सीयान (सेकेंड सिटिंग) श्रेणी के यात्रियों के लिए भी उपलब्ध होगी। अब यदि एसी चेयरकार में सीटें खाली होंगी, तो द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के यात्रियों को भी अपग्रेड कर दिया जाएगा। इसके अलावा थर्ड ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रायपुर से नागपुर, गोंदिया और झारसुगुड़ा रूट पर सेकेंड एसी में सीटें रहती हैं खाली

### अपग्रेड के विकल्प को चुनना अनिवार्य

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी की वेबसाइट से टिकट बुक करते समय ऑटो अपग्रेड के विकल्प को चुनना अनिवार्य है। यदि कोई यात्री इस विकल्प का चयन नहीं करता है, तो उसे अपग्रेडेशन की सुविधा नहीं मिलेगी। टिकट अपग्रेड होने के बाद यदि यात्री उसे निरस्त (कैंसिल) कराना चाहता है, तो उसे मूल टिकट की बुकिंग राशि के अनुसार ही रिफंड मिलेगा।

### 2006 में शुरू हुई थी टिकट अपग्रेडेशन सुविधा

रेलवे ने टिकट अपग्रेडेशन की यह सुविधा वर्ष 2006 में शुरू की थी। अभी तक के नियमों के अनुसार,स्लीपर क्लास के यात्रियों के टिकट केवल थर्ड एसी में ही अपग्रेड हो सकते थे। लेकिन, इस नए नियम से सीट खाली रहने पर यह सीधे सेकेंड एसी में भी अपग्रेड हो सकेगा। यदि एसी सेकेंड क्लास में टिकट है, तो वह एसी फर्स्ट क्लास में अपग्रेड हो सकेगा।



## खबर संक्षेप



### नरेंद्र मोदी विचार मंच का राष्ट्रीय सम्मेलन

**रायपुर।** नरेंद्र मोदी विचार मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विशाल सम्मेलन रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मंच से जुड़े 28 अनुषांगिक संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, और राष्ट्रीय संगठन मंत्री, साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों और 700 से अधिक जिलों से आये जिला अध्यक्ष एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, रायपुर जिला अध्यक्ष दास साहू ने बताया कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 100 से अधिक योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की समीक्षा और मूल्यांकन हेतु आयोजित किया गया था।

### शिविर में 90 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**आरंग।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत डोमा के तत्वाधान में सीआरपीएफ कैंप भिलाई द्वारा ग्राम डोमा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें 90 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर सीआरपीएफ चिकित्सा शाखा से डॉ. मनीषा गर्ग, डा. शालिनी, डा. मोहित सहित मेडीकल टीम ने शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार व उचित परामर्श दिया। शिविर के आयोजन संयोजन विशेष सहयोग जनपद सदस्य विवेक तिवारी, समाजसेवी जनक साहू, सरपंच ग्राम पंचायत डोमा का रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों व सीआरपीएफ के जवानों की उपस्थिति रही।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**आरंग।** अग्रसेन भवन अग्रवाल पारा आरंग में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति एवं क्योरबे फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अग्रसेन योगासन शाखा ने अपने नित्य दिनचर्या विभिन्न आसन, प्राणायाम, ध्यान योग एवं संघ प्रार्थना के बाद शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर का लाभ रायपुर ग्रामीण संघ चालक देवेंद्र सिंह ठाकुर, रविन्द्र अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, शंकर पाल, दीपक गुरु गोश्वामि, होरी गुप्ता, शिव गुप्ता, ओम गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, राम कुमार कंसारी, शैलेन्द्र गुप्ता, अशोक कुमार ठाकुर आदि ने लिया।

### भानसोज में कबीर जयंती समारोह कल

**आरंग।** कबीर आश्रम ग्राम भानसोज में सतगुरु कबीर साहेब की 627 वां जयंती 18 मई को मनाया जावेगा। सुबह 10 बजे ध्वजारोहण बाद अपराह्न 1बजे तक सत्संग व गुरु पूजा का आयोजन होगा। आयोजन समाप्ति पश्चात भोजन व्यवस्था है। आयोजन में संकरी आश्रम के संत गुरूजतन साहेब, संत अनिल साहेब व संत अमन साहेब शिरकत करेंगे। आयोजन भानसोज कबीर आश्रम के संत गुरूपालन साहेब व साध्वी रामबाई साहेब द्वारा भक्तगणों व ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

## निधन

### तिलक राम साहू

**आरंग।** ग्राम भानसोज निवासी तिलक राम साहू का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। वे रामबाई साहू के पुत्र कुंती साहू के पति थे। उनकी शवयात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिवार जन शामिल हुए और मृतात्मा के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



## पहले आओ, पहले पाओ नियम में संशोधन को मंजूरी

# निर्णय में संशोधन, उद्योगों को जमीन आवंटन अब बोली के माध्यम से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को निर्धारित राशि सहित प्राप्त आवेदनों के आधार पर पहले आओ, पहले पाओ प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन प्राप्त होने के क्रमानुसार भूमि आवंटन अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने पर किया जाता रहा है। राज्य सरकार ने 2015 के इस नियम को दस साल बाद बदलने का निर्णय लिया है। अब उद्योगों को जमीन आवंटन बोली के माध्यम से किए जाने का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट के निर्णय अनुसार अब जरूरतमंद उद्योगों को जमीन का आवंटन पारदर्शी तरीके से हो सकेगा।

कैबिनेट ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने एवं भूमि आबंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन करने का निर्णय लिया है। संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आबंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी। औद्योगिक निवेशकों को भूमि आबंटन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने व लाभ उठाने में सुविधा होगी। अब तक पहले आओ, पहले पाओ के तहत भूमि आवंटन किए जाने का नियम था। प्रक्रिया को खत्म करते हुए उद्योगों को उनकी जरूरत के हिसाब से जमीन की बोली लगाकर आवंटन किया जाएगा।

### जरूरतमंद उद्योगों को जमीन का आवंटन होगा पारदर्शी तरीके से



### समयसीमा में उद्योग न लगाने पर लगेगी रोक

प्रदेश में ऐसे उद्योगपति जिन्होंने विभाग से सब्सिडी दर पर जमीन तो ले ली, लेकिन समय सीमा खत्म होने के बाद भी उत्पादन शुरू नहीं किया है। ऐसी प्रवृत्तियों पर इस संशोधन के बाद रोक लगेगी। अब इस प्रक्रिया से ऐस जरूरतमंद लोग ही आगे आएंगे, जो वास्तव में उद्योग लगाना चाहते हैं। नई उद्योग नीति को लेकर प्रदेश सरकार लगातार निवेश को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में लैंड बैंक और भूमि आवंटन को लेकर कोई परेशानी न हो इसे देखते हुए नियमों में परिवर्तन किया जा रहा है।

### राजस्व की होगी प्राप्ति

राज्य सरकार के द्वारा नियम बदले जाने पर औद्योगिक क्षेत्र की जमीनों पर राजस्व की प्राप्ति होगी। साथ ही निर्धारित अवधि में औरपचारिकताओं को पूर्ति जैसे भू-भाटक और अन्य शुल्कों की राशि का भुगतान न करने के मामले कम होंगे। जिन लोगों को अपना उद्योग लगाना है वह अपने इकाई की स्थापना के अनुसार उन क्षेत्रों में जमीन ले सकेंगे जो उनके लिए उपयुक्त होगी।

### श्रमिक कल्याण को लेकर भी हुए संशोधन

राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। फरवरी में ही इसका अनुमोदन किया गया था। औद्योगिक इकाइयों के लिए पट्टे पर दी गई भूमि के उपयोग और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक आवास निर्माण को लेकर नए अवसर प्रदान करता है। इस कदम को राज्य की औद्योगिक नीति को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और स्थानीय श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### उद्योगों को आकर्षित करने प्रयास

नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद साय सरकार लगातार निवेशक सम्मेलन कर उद्योगों को राज्य में आकर्षित करने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति में कई संशोधन किए हैं। संशोधन के माध्यम से उद्योगपतियों को राज्य में अच्छा और पारदर्शी माहौल मिले इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

## आदित्य को सीबीएसई 10वीं में 98.2 प्रतिशत अंक मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग




मोनेट डीएवी पब्लिक स्कूल मंदिरहसौद के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखा है। विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए हैं। जिसमे कक्षा 10वीं मे आदित्य आर्य ने 98.2%, देबोस्मिता चटर्जी 97.6%, शौर्य मिश्रा 94.8%, तेजस्वी चंद्राकर 94.6%, अंश वर्मा 94.6%, मृगेन्द्र सिंह परिहार 94.2%, निशांत पांडा 94.2%, सृष्टि सिंह 93.6%, अनुराग नायक 93.6%, यशस्वी कन्नौजे ने 92.8% प्राप्त किए।

संस्कृत विषय में शत प्रतिशत अंक पाने वाले विद्यार्थियों में अनुराग नायक, देवोस्मिता, शौर्य मिश्रा, तेजस्वी चंद्राकर, अंश वर्मा, कनिष्क जांगिड़, मृगेंद्र सिंह परिहार तथा आदित्य आर्य है। इसके अलावा गणित में देबो स्मिता चटर्जी ने शत प्रतिशत अंक हासिल किया तथा आईटी में निशांत पांडा ने भी शत प्रतिशत अंक हासिल किया। वही कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय मे दिव्या वर्मा 94.4%, आभास पांडेय 90.8%, आस्था सिंह 82.8%, आदर्श चौबे 79.8%, श्राव्या होता 78.2%, हर्ष पराते 77.4%, आदित्य मोदी 76.8%, रहत जबीन 76.2%, अर्पणा वर्मा 76.4% और खुशी यादव 75.8%, वाणिज्य संकाय मे उदित्य कुमार झा 93.2%, पूर्णिमा सिंह 87.6%, आशुतोष पांडेय 85.6%, नमन पांडेय 84.2%, तिलक राज सिंह 83.2%, नैना जॉर्ज 82.4%, हर्षिता वर्मा 75.6%, कुणाल ठाकुर 74.27%, नभांश वर्मा 74.2%, विधि चंद्राकर 74.2% प्राप्त किए। विद्यार्थियों की सफलताओं पर बधाई देते हुए शाला प्राचार्या ऋतु चौधरी ने कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं ने जो प्रतिबद्धता, परिश्रम और निरंतरता दिखाई है, हमें उस पर गर्व है। तकनीकी आधारित शिक्षा, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के समर्थन से यह सफलता संभव हो सकी है। हमारा विद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति सदैव समर्पित रहेगा।

## शिवांश स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**धरसींवा।** नगर पंचायत स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय के मेधावी छात्र अक्षर वर्मा ने 84.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान अर्जित किया है। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं, ऋषभ सिंह ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 83 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों छात्रों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या सुश्री हिमांशी शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को इस शानदार परिणाम का श्रेय दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके आगे के शैक्षणिक जीवन में भी मील का पत्थर साबित होगी। शिवांश इंटरनेशनल स्कूल का यह शत-प्रतिशत परिणाम न केवल विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि यह क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को भी ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस सफलता से विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगण उत्साहित हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## डिम्पी को कक्षा आठवीं में मिला 97.17 प्रतिशत अंक



**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पांचवी और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षाओं की जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। इसमें गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग की छात्रा डिम्पी चंद्राकर ने कक्षा आठवीं में 97.17% अंक अर्जित कर पूरे रायपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक परीक्षाओं में इस विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने जिला स्तर की प्रावीणय सूची में स्थान बनाकर नगर और आरंग ब्लाक को गौरवान्वित किया है। वहीं कक्षा पांचवीं से गीतिका पांडे 97% को पांचवां, युगेश्वर यादव 95.50% को आठवां एवं नौवें स्थान पर संयुक्त रूप से कनिष्क बिसेन एवं आर्या चंद्राकर 95% अंकों के साथ रहे। प्रावीणय सूची में अन्य दो विद्यार्थी भाविका देवांगन एवं युग तंबोली 94.50% अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे। पूर्व माध्यमिक परीक्षा कक्षा आठवीं में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने रायपुर जिले में जगह बनाई। भव्या मनहरे को 96.17% अंकों के साथ पांचवां एवं यशिका ठाकुर 96% अंक को छठवां स्थान प्राप्त हुआ। जिला स्तर पर कक्षा पांचवीं की प्रावीणय सूची में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गीतिका पांडे, आरंग विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर टापर बनीं हैं। उल्लेखनीय है कि गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। विद्यालय के संचालक यशवंत चतुर्वेदी ने इस विद्यालय की इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी है।

## कॉलेज में नए पाठ्यक्रमों की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के आरंग विधानसभा अध्यक्ष अजित कोसल ने बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय आरंग में शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें आगामी शैक्षणिक सत्र से आरंग कॉलेज में एमए छत्तीसगढ़ी और बीए एलएलबी पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग की गई है। अजित कोसल ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ी भाषा राज्य की पहचान और सांस्कृतिक धरोहर की संवाहक है। एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम की शुरुआत से न केवल छात्रों को अपनी मातृभाषा में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह भाषा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी होगा। इसके साथ ही उन्होंने बीए एलएलबी पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र के कई विद्यार्थी कानून की पढ़ाई में रुचि रखते हैं, लेकिन निकटतम विधि महाविद्यालयों की दूरी और संसाधनों की कमी के कारण वे अपनी इच्छाओं को साकार नहीं कर पाते। बीए एलएलबी कोर्स आरंग जैसे नगर क्षेत्र में छात्रों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायक होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान एनएसयूआई के महासचिव देवकुमार गौतम अभिषेक सविनय भास्कर देवराज सौम्य सोनी एवं अन्य कार्यकर्ताओं और छात्रों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और मांग को लेकर एकजुटता व्यक्त की।

## चौधरी ने कहा- भूपेश हीनता बोध से ग्रस्त, पाक पर भारत की जीत को नहीं पचा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर हल्की बयानबाजी यह बताती है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हीनता बोध से ग्रस्त हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की जीत को भूपेश बघेल नहीं पचा पा रहे हैं।

श्री चौधरी, ने आयोजन शब्द को लेकर कहा कि 'नागरी प्रचारिणी सभा' के शब्दकोष में 'आयोजन' का अर्थ है किसी कार्य या गतिविधि को सुनियोजित और व्यवस्थित ढंग से करने की प्रक्रिया। इसमें योजना बनाना, संसाधनों का प्रबंधन और कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करना शामिल है।

## बायो-सीएनजी संयंत्रों को भूमि आबंटन करने कलेक्टरों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कैबिनेट के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना के लिए कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है।

## देश के व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बॉयकॉट का आज लेंगे निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




देशभर के व्यापारिक नेता शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित कैट के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बायकाट पर निर्णय लेंगे। कैट केराष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने बताया कि कैट ने 16 मई को नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख व्यापारी नेताओं की एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इसमें पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण तुर्की एवं अजरबैजान के साथ व्यापारियों द्वारा सभी वस्तुओं का आयात-निर्यात व्यापार बंद किए जाने पर निर्णय लिया जाएगा।

कैट का कहना है कि जो भी देश भारत के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है और देश के व्यापारियों द्वारा अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करने का यही समय है। सम्मेलन में भारत की सेनाओं के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा का आयोजन एवं ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा भारत के व्यापार की हड़पने के खिलाफ भी बड़े निर्णय लिए जाएंगे।

## विकासखंड स्तरीय रसोइया प्रशिक्षण हुआ

# बच्चों को संतुलित व गुणवत्ता युक्त आहार दें : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय रसोईया प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक हिंदी मीडियम विद्यालय के पांच कक्षों में किया गया।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने रसोइयों से प्रशिक्षण के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा की शिक्षा विभाग का मुख्य केंद्र बिंदु विद्यार्थी है। अतः मेनू के अनुसार बच्चों को संतुलित, स्वस्थ, गुणवत्ता युक्त आहार दे। उन्होंने कहा कि रसोईयागण न केवल विद्यालय अपितु शासन की महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होंने रसोइयों की समस्याओं को भी सुना एवं समाधान करते हुए शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और बच्चों को दिए जाने वाले प्रोटीन युक्त आहार की मात्रा का भी विश्लेषण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा फायर ब्रिगेड बस का डेमोंसट्रेशन आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर ब्रिगेड ऑफिसर इंद्रजीत साहू ने अपनी टीम के साथ डेमोंसट्रेशन करके बताया, जिसमें सिलेंडर में आग लगाकर उसके बचाव की प्रक्रिया, पानी के बौछार से आग युक्त सिलेंडर का शमन, फायर समझाया गया। जिसमें रसोइयों ने बड़े उत्साह के साथ प्रैक्टिस में भाग लिया, साथ ही स्वास्थ्य परामर्शदाता चंद्रशेखर राव ने विद्यार्थियों को आयु के अनुरूप संतुलित आहार एवं अंकुरित अनाज का महत्व भी समझाया।

### आपातकालीन सेवा रहा मुख्य आकर्षण

वही मास्टर ट्रेनर तारकेश्वर साहू, हरीश दीवान, अपर्णा तिवारी, विजय देवांगन, उगेश साहू, दीपक दुबे, अरविंद वैष्णव, महेंद्र पटेल ने अपने प्रशिक्षण में पौष्टिक आहार, विभिन्न तत्व उनके कार्य तथा संतुलित भोजन का महत्व, रसोई घर में स्वयं तथा रसोई घर की सुरक्षा इंतजाम हेतु आवश्यक बातें, हाथ धुलाई का सही तरीका, स्वच्छता, रसोई घर में पहनावा तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु आवश्यक जानकारी देते हुवे भोजन में विविधता लाना और पौष्टिकता का भी ध्यान रखना तथा भोजन में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को शामिल करने हेतु सुझाव भी व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक ग्रेड 2 घनश्याम रात्रे, केशव डहरिया तथा कार्यक्रम में अभिषेक तिवारी, मनोज मुछावर, लकी डहरिया, भानु साहू, लोकेश्वर साहू, अमित अग्रवाल, यूवराम साहू, राजपाल चंद्राकर, फायर ब्रिगेड टीम बाय स्टीफन, राजेश गायकवाड, ललित चेलक आदि की सहभागिता रही। ही 48 संकुल के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के पांच सौ से भी अधिक रसोइयों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बस्तर की बहुमूल्य खदानों को मित्रों को सौंप रही डबल इंजन की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को दी गई हैं। इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दी गई। कांकेर जिले का हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरुआत है, इसके बाद बस्तर की सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बस्तर में खनन आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने के बजाय बहुमूल्य खनिज संसाधन औने-पौने दाम पर पूंजीपतियों को लुटा रही है। विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री छत्तीसगढ़ आए थे, तमाम विरोध के बावजूद भारत सरकार का सरकारी उपक्रम फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई स्थित यूनिट को मात्र 320 करोड़ में बेच दिया, जो कभी घाटे में नहीं रही, बल्कि लगभग 100 करोड़ प्रति वर्ष का मुनाफा कमा रहा थी। उन्होंने कहा, रमन सिंह की सरकार बस्तर के नागराज पर्वत मोदी के मित्र अदानी को बेचा गया। ग्रामसभा की फर्जी एनओसी लगाई गई, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जांच के बाद आवंटन रद्द करने का प्रस्ताव केंद्र की मोदी सरकार को भेजा।

**खबर संक्षेप**

### कलाकारों के भुगतान के लिए सांसद बृजमोहन का सीएम को पत्र

**रायपुर।** अंचल के कलाकारों को जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से संस्कृति विभाग द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम वर्ष 2023-24 के लिए पूर्व वित्तीय वर्ष के भुगतान के लिए संस्कृति विभाग द्वारा पिछले वर्ष जून में वित्त विभाग से प्रशासकीय अनुमोदन मांगा गया था, जिस पर कोई कार्यवाही न होने के कारण वह भुगतान अभी तक लंबित है और साथ-साथ वर्ष 2024-25 में भी बजट समाप्त हो जाने के कारण बहुत से कलाकारों का भुगतान फिर लंबित हो गया है। इसकी जानकारी वरिष्ठ गायक कलाकार शरद अग्रवाल द्वारा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को दी गई। इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल ने कलाकारों को पूर्व लंबित भुगतान तत्काल करवाने का अनुरोध मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पत्र लिखकर किया है।

### कांग्रेस ने कहा- स्काईवॉक अनुपयोगी

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा अधूरे स्काईवॉक को फिर से बनाने के लिए किए गए टेंडर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, राज्य सरकार अधूरे स्काई वॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय आम जनता की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने की दिशा में आगे बढ़े, जिससे वर्तमान एवं भविष्य में भी यातायात समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्काईवॉक योजना के खिलाफ शहर की जनता बुद्धिजीवी वर्ग व्यापारी डॉक्टर सभी वर्ग थे। आज सरकार ने अधूरे स्काईवॉक को पुनः बनाने का फैसला किया है, इसके खिलाफ ही आम जनता की प्रतिक्रिया आ रही है। सरकार को स्काईवॉक को बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए।

### बंगोली खरोरा सड़क हादसे की हो उच्चस्तरीय जांच



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विगत दिनों 11 मई की रात बंगोली खरोरा में हुई भीषण दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही मृतकों के परिजनों को 20 लाख प्रति परिवार एवं प्रत्येक घायल को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा का कहना है कि इस मार्ग पर कोई संकेतक नहीं लगाए गए हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपए तथा हर घायल को 5 लाख रुपए की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में चक्काजाम किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी पूरी संवेदना से पीड़ित परिवार के साथ है। इस दौरान पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, भावेश बघेल, पप्पू राजेंद्र बंजारे, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, चूड़ामणि साहू, रूपेश बघेल, बबलू भाटिया, अमित जांगड़े, नीतू साहू, साहिल खान, खूबी डहरिया, गावेश साहू, सूर्यप्रताप बंजारे, ऋतिक बंजारे, नीलेश जांगड़े, जगन्नाथ लहरे, घनश्याम परमार सहित धरसींवा के कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# पीएम सूर्य घर योजना में अब डबल सब्सिडी की संभावना, आएगा बूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में अपने प्रदेश में अब बड़ा बूम आने वाला है। केंद्र सरकार के बाद अब राज्य सरकार भी इस योजना में सब्सिडी देने वाली है। इसके लिए बजट में दो सौ करोड़ रखे गए हैं। अब कितने किलोवाट में कितनी सब्सिडी देनी है, यही तय करना बचा है। इस समय योजना में 26 सौ घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। 40 हजार से ज्यादा आवेदन भी आ गए हैं। 2027 तक प्रदेश में 1.30 लाख घरों को रोशन करने का लक्ष्य है। कम खपत करने वालों के लिए यह योजना वरदान साबित हो रही है। एक बार खर्च करने के बाद बिजली मुफ्त मिलेगी। एक किलोवाट के सोलर पैनल से चार यूनिट बिजली रोज मिलती है। तीन किलोवाट सोलर पैनल लगाने से रोज तीन सौ यूनिट से ज्यादा बिजली मिलेगी। केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देश भर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है। जहां पर छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2027 तक के लिए सवा लाख से ज्यादा का लक्ष्य रखा है, लेकिन इससे ज्यादा घरों को रोशन करने की योजना है।

**अलग खबर**

## प्रदेश सरकार भी तैयार कर रही सब्सिडी देने की योजना, बजट में रखे 200 करोड़

### नए पोर्टल में थोड़ी परेशानी

प्रदेश में इस योजना में बीते साल अप्रैल से सितंबर तक महज सात हजार आवेदन ही आए थे। कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया और इस योजना की जानकारी देने के लिए शिविर लगाने का भी काम किया है। इसका परिणाम यह हुआ है अब 40400 आवेदन आ गए हैं। फरवरी में आवेदन करने के लिए केंद्र सरकार ने एक नया पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण आवेदन करने में परेशानी हो रही है। इसके कारण आवेदन करने की रफ्तार अभी धीमी हो गई है। पोर्टल के ठीक होने के बाद आवेदनों की रफ्तार में इजाफा होगा।

### कितने किलोवाट पर कितना खर्च

योजना के लिए तीन सौ से ज्यादा वेंडर तय किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा तो प्रति किलोवाट के लिए 50 हजार रुपए तय है, लेकिन अलग-अलग वेंडरों का रेट अलग-अलग होने पर एक किलोवाट पर करीब 70 हजार दो किलोवाट पर 1.20 लाख और तीन किलोवाट पर 1.75 लाख का खर्च लग जाता है।

### हर आय वर्ग को सब्सिडी

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है योजना में हर आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई आय सीमा तय नहीं है। हर आय वर्ग वालों को सब्सिडी भी मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है। अब राज्य सरकार की सब्सिडी भी तय होने वाली है। संभावना है कि राज्य सरकार ने भी तीन किलोवाट में 20 से 30 हजार की सब्सिडी मिल जाएगी। ऐसे में तीन किलोवाट के लिए उपभोक्ताओं को 70 से 75 हजार ही खर्च करने पड़ेंगे।

## हितग्राहियों को तीन माह की एक साथ वितरित होगी राशन सामग्री

# एक महीने का चावल भंडारण कर नहीं पा रहा नान, अब 3 महीने का एक साथ करने आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में एक ओर जहां एक माह का चावल भंडारण करने में नागरिक आपूर्ति निगम (नान) नाकाम साबित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर विभाग ने एक नया फरमान जारी किया है, जिसके तहत राशन कार्ड धारकों को तीन महीने का एक साथ चावल वितरण करने के लिए दुकानों में हर महीने का कोटे के अनुसार तीन महीने का चावल जमा करने के लिए कहा गया है। इस आदेश के बाद न केवल नान अधिकारियों व कर्मचारियों को पसीना छूटने लगा है, वहीं इस आदेश ने कई राशन दुकान संचालकों की चिंता भी बढ़ा दी है, क्योंकि एक माह का चावल का भंडारण ही उनकी दुकानों में नहीं हो पाता। ऐसे में तीन महीने का एक साथ चावल का भंडारण कैसे उनकी दुकानों में किया जाएगा।

### कई राशन दुकानों में भंडारण के लिए पर्याप्त जगह नहीं

*जिले में ऐसी कई राशन दुकानें भी संचालित हैं, जहां एक महीने की राशन सामग्री भंडारण के लिए पर्याप्त जगह तक नहीं है। ऐसे में तीन महीने का राशन भंडारण का आदेश जारी होने से इन दुकान संचालकों की परेशानी बढ़ सकती है, क्योंकि जून से तीन माह का एक साथ राशन सामग्री वितरण किया जाना है। ऐसे में पर्याप्त जगह नहीं होने से इन दुकान संचालकों द्वारा कई बार गोदाम से राशन मांगना पड़ेगा, जिसके कारण हितग्राहियों को भी परेशान होना पड़ सकता है। नान के गोदाम से भी समय रहते राशन सामग्री का भंडारण नहीं किया जा रहा है। ऐसे में हितग्राहियों को दुकानों से बैरंग लौटना पड़ सकता है।*



### भंडारण में देर से दो दुकान संचालक दे चुके हैं इस्तीफा

*भंडारण में देर के कारण धरसींवा क्षेत्र की दो राशन दुकानों के संचालक नान और खाद्य विभाग द्वारा बनाए गए वाट्सप ग्रुप में इस्तीफा भी दे चुके हैं। इन दोनों दुकान संचालकों ने नान के गोदाम से राशन सामग्री समय पर सप्लाई नहीं किए जाने से परेशान होकर यह इस्तीफा दिया है। सूत्रों के अनुसार विभाग ने इन दोनों संचालकों का इस्तीफा मंजूर नहीं किया है।*

### गोदाम खाली कराना प्राथमिकता

*जिले के गोदाम खाद्यान्न से भरे हुए हैं। कस्टम मिलिंग के तहत नए चावल की आवक शुरू हो चुकी है, लेकिन उसके भंडारण के लिए स्थान की कमी हो रही है। ऐसे में गोदामों में जगह बनाने के लिए विभाग ने यह कदम उठाया है, ताकि नया चावल सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जा सके।*

### जून, अगस्त एवं सितंबर की एक साथ वितरित होगी राशन सामग्री

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत सभी जिलों में उचित मूल्य की दुकानों में जून, अगस्त एवं सितंबर का एक साथ चावल हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी दुकानों में पर्याप्त भंडारण किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि इस वितरण को उत्सव के रूप में किया जाए तथा वितरण की निगरानी खाद्य, राजस्व एवं सहकारिता विभाग की टीम द्वारा की जाए।

# भाजपा ने तय किए गोष्ठियों के लिए वक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और अहिल्या बाई होल्कर स्मृति आयोजन समिति के प्रमुख नारायण चंदेल ने बताया, भाजपा संगठन लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर प्रदेशभर में आज से कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ कर रहा है। मंडल से लेकर जिलों में होने वाली गोष्ठियों के लिए जिला स्तर पर वक्ता तय कर दिए गए हैं।

भाजपा संगठन द्वारा अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर 16 से 31 मई तक प्रदेशव्यापी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान राज्यभर में कई कार्यक्रम होंगे। इनका उद्देश्य सामाजिक जागरूकता, संस्कृति संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रमों में 16 से 18 मई तक जिलों में कार्यशालाएं, 21 और 22 मई को जिलों में प्रदर्शनी, 23 और 24 मई को सभी मंडलों में मंदिरों की सफाई, 25 और 26 मई को महाविद्यालयों में परिचर्चा एवं गोष्ठियां, 26 और 27 मई को मंडलों में विचार गोष्ठियां, 28 से 31 मई तक जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं और जिला मुख्यालयों में गोष्ठी एवं महिला सम्मान समारोह होगा।

### रायपुर में संतोष और सौरभ मुख्य वक्ता

*जिलेवार जो वक्ता तय किए गए हैं, उसमें रायपुर में संतोष पांडे, रायपुर ग्रामीण में सौरभ सिंह, बलौदाबाजार में रूपकुमारी चौधरी, गरियाबंद में मोतीलाल साहू, महासमुंद में जगन्नाथ पाणिग्रही, धमतरी में शंकर लाल अग्रवाल, भिलाई में प्रदीप गांधी, दुर्ग में खूबचंद पारख, बेमेतरा में केदारनाथ गुप्ता, बालोद में रंजना साहू, राजनांदगांव में संजय श्रीवास्तव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में चंदूलाल साहू, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में संदीप शर्मा, कवर्धा में अजय चंद्राकर, कांकेर में पवन साहू, कोंडागांव में यशवंत जैन, नारायणपुर में निरंजन सिन्हा, बस्तर में लता उसेंडी, दंतेवाड़ा में श्रीनिवास राव मद्दी, सुकमा में शालिनी राजपूत, बीजापुर में डॉ. सुभाऊ कश्यप, बिलासपुर शहर में नारायण चंदेल, बिलासपुर ग्रामीण में मीनल चौबे, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में डॉ. वर्णिका शर्मा, मुंगेली में भूपेंद्र सवन्नी, सक्ती में भावना बोहरा, जांजगीर-चांपा में हर्षिता पांडेय, कोरबा में धरमलाल कौशिक, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में नवीन मारकंडे, रायगढ़ में शिवरतन शर्मा, जशपुर में राजा पांडेय, सरगुजा में सरला कोसरिया, सूरजपुर में अखिलेश सोनी, बलरामपुर में अनुराग सिंहदेव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में श्वेता शर्मा और कोरिय में विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य वक्ता होंगे।*

# नक्सलियों के डर से शहर में आकर बसे लोगों को कितने पीएम आवास दिए, सूडा ने निकायों से मांगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत कितने आवास दिए गए हैं, राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने इस संबंध में राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के निकायों से हिसाब मांगा है। सूडा ने इस मामले को लेकर संबंधित निकायों को पत्र भेजा है। खास बात ये है कि यह प्रावधान उन लोगों के लिए है, जो नक्सलियों के डर से गांवों में अपने घर छोड़कर शहरों में जाकर बस गए हैं। राज्य सरकार ने कुछ समय पहले ही नक्सलियों के आत्म समर्पण और नक्सल पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए नई नीति बनाई है। इसमें नक्सल हिंसा से पीड़ित लोगों के लिए आवास सहित कई अन्य सुविधाएं मुहैया कराने का प्रावधान है।

- नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ति राहत पुनर्वास नीति में है प्रावधान



### सूडा ने जारी किया पत्र

इस मामले को लेकर सूडा ने संबंधित निकायों के आयुक्त व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को एक पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नक्सल क्षेत्र से व्यवस्थापित होकर निवासरत व्यक्तियों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना शहरी 2.0 के तहत लाभ दिलाने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर के कार्यालय से व्यक्तिगत समन्वय करते हुए सभी लाभार्थियों का योजना के दिशा निर्देश के अनुरूप प्रस्तावित हितग्राहियों की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश भी दिया गया था। अब सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित निकायों से कहा है कि इस संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं।

### गृह विभाग ने भी जारी किया था पत्र

*राज्य में नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास के संबंध में गृह विभाग ने संबंधित जिलों के कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया था। इस आदेश में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सल पीड़ित व्यक्तियों को आवास दिए जा रहे हैं। लेकिन नक्सल क्षेत्र से विस्थापित होकर शहरी क्षेत्र में रह रहे व्यक्तियों को ग्रामीण क्षेत्र में आवास की पात्रता नहीं है। इन्हें पीएम आवास शहरी का लाभ शहरी क्षेत्र में दिलाने के लिए सभी लाभार्थी व्यक्ति एवं परिवारों को सूचा बनाकर नगरीय प्रशासन विभाग के माध्यम से समन्वय कर अग्रिम कार्यवाही करें।*

### ये है नक्सल पीड़ितों के लिए आवास का प्रावधान

*नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ति राहत पुनर्वास नीति-2025 में किए गए प्रावधान में कहा गया है कि नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग के जिम्मे यह काम भी है कि वे पौनी पसारी योजना के तहत नक्सलवाद पीड़ित महिलाओं को शहरी क्षेत्र में व्यावसाय के लिए प्राथमिकता के आधार पर चबूतरा उपलब्ध कराएं।*

### ये हैं नक्सल प्रभावित निकाय

राज्य के जिन निकायों को नक्सल प्रभावित माना गया है उनमें नगर निगम जगलपुर शामिल है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में ये निकाय शामिल है। बस्तर, बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम, किरंदुल, गीदम, दंतेवाड़ा, बारसूर, बड़ी बचेली, अंतागढ़, कांकेर, चारामा, नरहरपुर, पखांजुर, भानुप्रतापपुर, कोंटा, दोरनापाल, सुकमा, नारायणपुर, केशकाल, कोंडागांव, फरसगांव, गरियाबंद, अंबागढ़ चौकी, छुरा, फिंगेश्वर और राजिम शामिल हैं।

# शहर जिला भाजपा के सभी मंडलों की कार्यकारिणी एक साथ होगी फाइनल

## मंडलों की टीम का जिला और जिले की टीम का प्रदेश संगठन करेगा अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के चुनाव के बाद अब मंडल स्तर से कार्यकारिणी बनाने का काम चल रहा है। रायपुर शहर जिले में इस बार से 16 के स्थान पर 20 मंडल कर दिए गए हैं। पुराने 16 मंडलों की कार्यकारिणी तो लगभग तय हो गई और अनुमोदन के लिए जिला संगठन के पास पहुंच गई है। अब बचे चार मंडलों की कार्यकारिणी का इंतजार है। इसके आने के बाद ही सभी मंडलों की कार्यकारिणी को फाइनल करके इस माह के अंत तक ऐलान किया जाएगा। इसके बाद जिले की टीम बनाने का काम अगले माह से प्रारंभ होगा। जिले की टीम को अनुमोदन के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जाएगा।

- भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का भी चुनाव 17 जनवरी को

प्रदेश भाजपा संगठन में बूथ कमेटियों के गठन, मंडलों और जिलों के चुनाव दिसंबर में समाप्त हो गए। इसके बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का भी चुनाव 17 जनवरी को हो गया। इसके बाद फरवरी तक तो कार्यकारिणी को लेकर कोई कवायद नहीं हुई, लेकिन मार्च में पहले मंडल और जिलों की कार्यकारिणी बनाने का ऐलान किया गया। लेकिन मार्च में मंडलों की कार्यकारिणी पूरी न होने पर अप्रैल का समय दिया गया तो भी कार्यकारिणी नहीं बन सकी। अब मई में मंडलों और जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद तेज कर दी गई है।





### रायपुर में चार मंडल बचे

*प्रदेश भाजपा के पहले प्रदेश में 405 मंडल थे इनमें इजाफा करके अब 476 मंडल बना दिए गए हैं। रायपुर शहर में पहले 16 मंडल थे, इसमें इजाफा करके अब 20 मंडल कर दिए गए हैं। रायपुर के मंडल अध्यक्षों का ऐलान भी बहुत देर से हुआ है। अब मंडलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है। शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के मुताबिक जिला संगठन के पास 16 मंडलों की कार्यकारिणी अनुमोदन के लिए आ गई है। अब बचे चार मंडलों की कार्यकारिणी आने के बाद सभी मंडलों की कार्यकारिणी को फाइनल करके इसका ऐलान करेंगे। इसके बाद जिले की कार्यकारिणी बनाने का काम होगा।*

# 16 प्रमुख वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति (आईडीसी) की 306वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय एम-10 के हॉल में हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति (आईडीसी) की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री मंत्री केदार कश्यप ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही 2021 सीजन के वनोपजों के लॉट क्रमांक 123(ब) के आवंटन के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की। बैठक में वर्ष 2023-24, तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपज महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा गोदाम शुल्क रहित महुआ फूल (बीज



रहित) की एक लाख क्विंटल के विक्रय को पूर्व स्वीकृत दरों पर निर्यात हेतु स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह बैठक में वर्ष 2024-25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत गोदाम शुल्क रहित वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा, सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, कार्यकारी संचालक मनीवासगन, सलमा फारूकी सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी

वन मंत्री ने कहा, बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को मजबूती मिलेगी और वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी, साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में आर्थिक बदलाव भी आयेगा। मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# पौने 11 लाख से अधिक संग्राहकों ने बेचा 596 करोड़ का तेंदूपत्ता, संग्रहण का लक्ष्य होगा पूरा, सरकार को उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में करीब दस लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों ने अब तक 10.84 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता फड़ों में बेचा है, जिसका मूल्य लगभग 596 करोड़ रुपये है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे संग्राहकों के खातों में जमा की जाएगी। इसके लिए सॉफ़्टवेयर में डाटा प्रविष्टि की प्रक्रिया ज़िला यूनियनों द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

### बेमौसम बारिश से नुकसान भी

छत्तीसगढ़ के वनवासी अंचलों में इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य तेज़ी से जारी है। राज्य के 902 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 10,631 फड़ों में यह कार्य हो रहा है। असमय हवा, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि के कारण इस वर्ष तेन्दूपत्ता फसल को नुकसान जरूर पहुंचा है, लेकिन संग्राहक परिवारों की मेहनत और सरकार की प्रतिबद्धता ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है।



### उम्मीद के मुताबिक होगा संग्रहण

तेन्दूपत्ता संग्रहण से छत्तीसगढ़ के लाखों वनवासी परिवारों को प्रतिवर्ष सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है। यह आय न केवल उनके परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में भी सुधार ला रही है। तेन्दूपत्ता खरीदी के साथ-साथ वर्तमान में पत्तों का उपचार, बोरा भराई और गोदामों में परिवहन का कार्य भी शुरू हो चुका है। सरकार को उम्मीद है कि निर्धारित संग्रहण लक्ष्य की प्राप्ति शीघ्र हो जाएगी।

### सीएम बोले- मेहनत का पैसा समय पर मिले

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि तेन्दूपत्ता छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों के लिए केवल वनोपज नहीं, बल्कि आजीविका का आधार है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि संग्राहकों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। तेन्दूपत्ता संग्रहण से जुड़े हर परिवार के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अहसास हो, इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। हमने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर को 4000 मानक बोरा से बढ़कर 5500 रुपए कर किया है, जिससे संग्राहकों को पहले की तुलना में अब ज्यादा लाभ मिलने लगा है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन से अरिंदम ने की मुलाकात



**रायपुर।** वेस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल, ऑफ द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के चेयरमैन सीएमए अरिंदम गोस्वामी ने हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य के आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री टोखन साहू से मुलाकात की। इस सौहार्द्रपूर्ण भेंट के दौरान कई महत्वपूर्ण व्यावसायिक विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के ढांचे में कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स को सम्मिलित करने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी शामिल था। चर्चा के दौरान सीएमए श्री गोस्वामी ने रीयल एस्टेट क्षेत्र में वित्तीय पारदर्शिता, लागत अनुकूलन तथा नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने में कॉस्ट अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीएमए की विशेषज्ञता इस क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और संगठित बनाने में सहायक सिद्ध हो सकती है। राज्यमंत्री श्री साहू ने इन सुझावों का सकारात्मक रूप से स्वागत किया और आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर आईसीएमएआई रायपुर चैप्टर के सचिव सीएमए सौरभ दास, सीएमए आशुतोष और सीएमए जयदीप भी उपस्थित थे, जिन्होंने चर्चा में अपने बहुमूल्य विचारों से योगदान दिया।

### विवि डायरेक्टर व उप कुलपति के बीच मारपीट

**रायपुर।** खरोरा स्थित एक निजी विवि के डायरेक्टर पर अपने ही विवि के उप कुलपति के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में अभी पीड़ित की ओर से थाने में किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई है। घटना के बाद उप कुलपति द्वारा एक वीडियो बनाया गया, जिसमें ये साफ देखा जा सकता है कि डायरेक्टर के हमले के बाद उनके नाक से खून बह रहा है। सूत्रों के अनुसार, डायरेक्टर इस बात से नाराज थे कि उनके द्वारा कैंपस में की जाने वाली अनियमितताओं की शिकायत उप कुलपति विवि के वाइस चांसलर से कर रहे थे।

### अमलीडीह में रामायण का आयोजन आज-कल

**रायपुर।** अमलीडीह वार्ड क्रमांक-52 स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में 17 मई से 10 बजे रामायण प्रारंभ एवं 18 मई को रात्रि 10 बजे विसर्जन समारोह रखा गया है। समिति के सदस्य धनुष साहू ने बताया कि प्रत्येक मंडली को समिति द्वारा 2100 रुपए नकद और हनुमान चालीसा एवं श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू, आरडीए के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, हरदिहा साहू समाज के अध्यक्ष विनय कुमार साहू, पार्षद वार्ड क्रमांक 50 गायत्री नौरंगे, पार्षद वार्ड क्रमांक 52 विनय निर्मलकर तथा वार्डवासी शामिल होंगे।

# ठंडा पड़ा मुलाहिजा मामलों के बंटवारे का सिस्टम, एमएलसी के ज्यादातर प्रकरण आंबेडकर अस्पताल के हिस्से में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिको लीगल मामलों में मुलाहिजा के लिए दो साल पहले किया गया बंटवारा सिस्टम ठंडा पड़ गया है। किसी भी थाने में होने वाले एमएलसी केस के सारे प्रकरण जांच के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे इमरजेंसी विभाग और केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसरों पर लगातार दबाव बन रहा है। पूर्व में एम्स, जिला अस्पताल के साथ सीएचसी और पीएचसी को क्षेत्रवार थाने के हिसाब से मुलाहिजा सेंटर तय किया गया था। केवल बड़ी इमरजेंसी होने पर बड़े अस्पताल जाने की छूट थी। यह सिस्टम अब ठंडे बस्ते में चला गया है।

दो साल पहले जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने आंबेडकर अस्पताल पर एमएलसी प्रकरणों का दबाव कम करने के लिए नया सिस्टम बनाया था। इसके तहत आंबेडकर अस्पताल में 7, एम्स में 6 और जिला अस्पताल में केवल 6 थानों के मेडिको लीगल केस भेजे जाने की व्यवस्था की गई थी। अन्य थानों के मामले क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हमर अस्पताल भेजे जाने के लिए सूची तैयार कर इसे अमल में लाने का निर्देश दिया गया था। शुरुआती दिनों में इस व्यवस्था से आंबेडकर अस्पताल में एमएलसी प्रकरणों का बोझ कम हो गया था। स्वास्थ्य केंद्रों की लचर व्यवस्था साथ पुलिस टीम की सहूलियत की वजह से धीरे-धीरे ज्यादातर थानों के एमएलसी प्रकरण और मुलाहिजा के मामले आंबेडकर अस्पताल पहुंचने लग गए हैं, जिनका निपटारा सीएचसी और पीएचसी स्तर पर भी किया जा सकता है। इसकी वजह से जिससे पुलिस और अस्पताल प्रबंधन के बीच टकराव जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। पिछले दिनों गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक्सीडेंट के मामले को गुढ़ियारी हमर अस्पताल ले जाने के बजाए सीधे आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। यहां से इलाज के लिए मरीज को वापस हमर अस्पताल भेजने के बाद विवाद की स्थिति बन गई थी।

**एम्स, जिला अस्पताल के साथ सीएचसी-पीएचएसी में बांटे गए थे क्षेत्रवार थाने**

**सीएचसी-पीएचसी के हिस्से में ये थाने**

किये गए बंटवारे के मुताबिक राखी थाने के प्रकरण सीएचसी राखी अथवा अमनपुर, मंदिर हसौद के मामले वहीं के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अब सीएचसी, माना थाने के एमएलसी केस सिविल अस्पताल माना, महिला थाने के मामले एमसीएच कालीबाड़ी, टिकरापारा क्षेत्र में होने वाले मेडिको लीगल केस हमर अस्पताल भाठागांव, उरला थाने के यूसीएचसी बीरगांव, खमतराई थाने के मामले यूसीएचसी भनपुरी, गुढ़ियारी थाने के मामलों का मुलाहिजा हमर अस्पताल गुढ़ियारी में किये जाने की व्यवस्था थी।



**आंबेडकर अस्पताल के सात थाने**

मेडिकोलीगल मामलों में जांच के लिए मुजगहन, गंज, मौदहापारा, गोलबाजार, अजाक, कोतवाली तथा न्यू राजेंद्र नगर थाने के मामले डॉ. बीआर आंबेडकर अस्पताल भेजने की व्यवस्था थी। वहीं आमानाका, सरस्वती नगर, आजाद चौक, डीडीनगर तथा पुरानी बस्ती के प्रकरण मुलाहिजा के लिए एम्स, सिविल लाइंस, खम्हारडीह, पंडरी, तेलीबांधा, विधानसभा तथा देवेंद्र नगर थाने के प्रकरणों का मुलाहिजा जिला अस्पताल पंडरी में किए जाने का आदेश दिया गया था।

## सीट वृद्धि पर भी संदेह बरकरार, 16 जून से प्रारंभ हो जाएंगे दाखिले

# उच्च शिक्षा विभाग नहीं दे सका रिपोर्ट, इसलिए इस बार किसी महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 16 जून से होगी। इस तिथि से प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। लेकिन इस बार छात्रों को कोई नए विकल्प दाखिले के लिए नहीं मिलेंगे। बीते वर्षों में जो विषय छात्रों के लिए उपलब्ध थे, वे ही विकल्प इस बार भी रहेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब तक विश्वविद्यालयों को रिपोर्ट प्रेषित नहीं कर पाने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। ना केवल नए विषय बल्कि पुराने पाठ्यक्रमों में सीट वृद्धि को भी अब तक हरी झंडी नहीं मिल सकी है। इन सब कारणों से महाविद्यालय भी असमंजस में हैं।

- रविवि और दुर्ग विवि के ही 40 मामले पेंडिंग, अन्य विश्वविद्यालयों से भी अर्जी

पं.रविशंकर शुक्ल विवि और दुर्ग विवि से संबद्ध 40 महाविद्यालयों की फाइलें डंप हैं। इसमें नवीन कोर्स से लेकर सीट वृद्धि तक के मामले शामिल हैं। प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों के नाम भी इस सूची में हैं। अनुमति मिलने के आधार पर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय कक्षाओं तथा शिक्षकों की व्यवस्था करते हैं। एक माह का समय शेष होने के बाद भी शैक्षणिक संस्थानों ने इस संदर्भ में व्यवस्था नहीं की है।

**पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर संचालन**

यदि कुछ दिनों के अंतराल में अनुमति नहीं मिलती है तो महाविद्यालय केवल उन्हीं पाठ्यक्रमों का संचालन करेंगे, जिनके लिए उन्होंने पहले से ही संबद्धता ली हुई है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में प्रवेश परीक्षा के लिए आवदेन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है, जबकि महाविद्यालयों में दाखिले के लिए अधिसूचना अभी जारी नहीं की गई है।



**जुलाई 2024 थी अंतिम तिथि**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से जो महाविद्यालय नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं, उन्हें जुलाई 2024 तक आवेदन करने कहा गया था। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग की टीम निरीक्षण के लिए आई। उच्च शिक्षा विभाग की निरीक्षण टीम को रिपोर्ट विवि को सौंपनी होती है। महाविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर संबंधित संस्थान को नवीन पाठ्यक्रम खोलने अथवा सीट वृद्धि की अनुमति मिलती है। विवि को अनुमति संबंधित खत उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाती है। इस बार यह रिपोर्ट ही प्रदेश के विश्वविद्यालयों को नहीं मिल सकी है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, उच्च शिक्षा मंत्री नहीं होने के कारण फाइलें अटकी हुई हैं।

# एक महिला सहित 7 गिरफ्तार, इनमें 5 लोगों के घर से बरामद की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ ताबड़बोड़ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग सात जगहों से कुल 81.19 लीटर शराब के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है।

इनमें दो आरोपियों के कब्जे से दो दोपहिया वाहन भी जब्त किया है। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने 5 घरों में छापा मारकर वहां से शराब जब्त की है। बताया गया कि सभी आरोपी पिछले कई साल से अवैध शराब बिक्री के कारोबार में शामिल हैं।

राजधानी रायपुर में नकली होलोग्राम, मिलावटी, दूसरे राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ की अवैध शराब बिक्री के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों में लगातार विभाग द्वारा कार्रवाई भी की जा रही है। ये सभी कार्रवाई मुखबिरों से मिली सूचना पर की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग को जिले में अलग-अलग 7 स्थानों पर अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर अलग-अलग टीम को कार्रवाई के लिए भेजा गया था। टीम ने ग्राम भरेंगाभाठा में घेराबंदी कर जानकी रात्रे को एक्टिवा वाहन में 30 पाव शराब ले जाते पकड़ा। वहीं राठौर चौक के पास रहने वाले मोहित बघेल की एक्टिवा से 40 पाव देशी शराब बरामद की।

**अवैध शराब पर आबकारी सख्त**



इसी प्रकार तिल्दा क्षेत्र निवासी सकुन तिवारी के मकान की तलाशी में 51 पाव देशी शराब बरामद की। इसके अलावा ग्राम खोला में जोहन धृतलहरे के मकान से 47 पाव, ग्राम पिरदा निवासी सुरजीत टांडे के मकान से 91 पाव, ग्राम तुलसी-2 में रहने वाले रंजन जांगड़े के घर से 52 पाव और वार्ड क्रमांक 59 संतोषीनगर में उमेश जोशी के मकान से 140 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है।

**सभी आरोपी जेल भेजे गए**

इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में विभाग ने कुल 81.19 लीटर शराब जब्त की है। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

**अवैध शराब की तस्करी-बिक्री पर रोक लगाने**

अवैध शराब की तस्करी, बिक्री पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 5 घरों में छापा मारा गया है। दो अन्य मामले में अलग से कार्रवाई की गई है। इस तरह कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

- **रामकृष्ण मिश्रा,** जिला उपायुक्त आबकारी

## हमने बनाया हम ही संवारेंगे के उद्देश्य से आगे बढ़ता उत्तर विस

**रायपुर।** उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने मदर टेरेसा वार्ड स्थित इंद्र चौक श्याम नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने 15वें वित्त आयोग से 16.20 लाख की लागत से इंदिरा बाल उद्यान के सौंदर्यीकरण और विधायक निधि से 7 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि उत्तर विधानसभा को विकसित और सुंदर बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उनका प्रयास है कि उत्तर विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में विकास और सुंदरता के कार्य प्राथमिकता के साथ हों। इंदिरा बाल उद्यान के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को एक सुंदर और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जहां वे अपने खाली समय का सदुपयोग कर सकेंगे। नाली निर्माण कार्य से क्षेत्र की जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र की स्वच्छता में सुधार होगा।



# किशोरी से इंस्टाग्राम में दोस्ती कर रेप, 20 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पांच वर्ष पूर्व किशोरी से इंस्टाग्राम में दोस्ती कर उसे नशीला पेय पदार्थ पिलाकर रेप करने के आरोपी को कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। रेप के आरोपी के सहयोगी को कोर्ट ने तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई है।

- घटना में शामिल ड्राइवर को तीन वर्ष कैद, तीन अन्य दोष मुक्त
- पांच वर्ष पूर्व सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की घटना

लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार 16 वर्षीय किशोरी से रेप के आरोप में विक्रम चौहान को कोर्ट ने सजा सुनाई है। विक्रम की मदद करने के आरोप में वैन के ड्राइवर तुलसी राम को भी सजा सुनाई गई है। तुलसी राम ने किशोरी से विक्रम की इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कराई थी। दोस्ती करने के बाद विक्रम ने किशोरी को 11 दिसंबर 2019 को अपने जन्मदिन का झांसा देते हुए जन्मदिन मनाने अपने साथ चलने मजबूर किया। इसके बाद किशोरी को तुलसी की वैन में सवार कर अपने साथ ले गया। एक मकान में विक्रम ने किशोरी को पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर उसके साथ रेप किया। पुलिस ने रेप के आरोप में किशोरी की मौसी तथा विक्रम के दो अन्य दोस्तों को भी आरोपी बनाया था, लेकिन उनकी सहभागिता साबित नहीं होने पर कोर्ट ने उन्हें दोष मुक्त कर दिया।



## वैदेही संकल्प पैनल का खुला मंच कार्यक्रम, चुनाव संबंधी परिचर्चा

**रायपुर।** मैथिल ब्राम्हण सभा के रविवार 18 मई को प्रस्तावित चुनाव 2025 के संदर्भ में वैदेही संकल्प पैनल मंच द्वारा चुनाव के संदर्भ में परिचर्चा एवं मार्गदर्शन के लिए बैठक लेकर मतदाताओं को आमंत्रित किया गया। पं. विजय कुमार झा ने बताया है कि श्री जगन्नाथ मंदिर टूरीहटरी पुरानी बस्ती में शुक्रवार को संध्या 5 बजे वैदेही संकल्प पैनल मंच के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सचिव पद के प्रत्याशियों पं. विजय कुमार झा, प्रदीप कुमार मिश्र, अजय कुमार ठाकुर, समाज के वरिष्ठजनों को विशेष मार्गदर्शन के लिए पूर्व अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, समाज के वयोवृद्ध सदस्य विनोद झा चंगोराभाठा, इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, डॉ. सुमन मिश्र पूर्व अध्यक्ष, प्रतिभा ठाकुर को आमंत्रित किया गया। इसमें इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, चिंतक लेखक कवि संजीव ठाकुर, आदित्य झा अधिवक्ता, रविंद्र झा, रजत झा, आदीप मिश्र, मनीष झा, नितिन झा सहित अनेक महिलाएं तथा बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष

### स्काईवॉक कई जगह...

का लगभग 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वहीं 30 प्रतिशत का कार्य ही शेष था, लेकिन लंबे समय से अधूरा पड़ा होने के कारण स्काईवॉक कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अभी भी लगभग 40 प्रतिशत काम शेष है, क्योंकि मरम्मत का कार्य ही लगभग 10 प्रतिशत के करीब है।

लाखों खर्च कर लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग बोर्ड अब हटेंगे

स्काईवॉक का निर्माण अधर में अटकने के बाद नगर निगम प्रशासन ने शास्त्री चौक पर स्काईवॉक के अधूरे ढांचे के सामने दो विशाल विज्ञापन होर्डिंग बोर्ड लगा दिए हैं। इन विज्ञापन होर्डिंग बोर्ड को लगाने में लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। स्काईवॉक का निर्माण शुरू होते ही ये दोनों होर्डिंग बोर्ड भी अब हटाए जाएंगे।

### अब स्लीपर से सीधा...

एसी के टिकट पर सेकेंड एसी के अपग्रेडेशन का लाभ ले सकेंगे। फर्स्ट एसी में अपग्रेडेशन केवल सेकेंड एसी के टिकट धारक यात्रियों को ही मिलेगी। जानकारी मुताबिक रेलवे बोर्ड के निदेशक पैसेंजर मार्केटिंग संजय मनोचा ने इस संबंध में 13 मई को सभी क्षेत्रीय रेलवे को एक पत्र जारी कर इस नए बदलाव की जानकारी दी है। इसके साथ ही, उन्होंने क्रिस को सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव करने के निर्देश भी दिए हैं।

**सीनियर सिटीजन को पहले आएगा एसएमएस**

सीनियर सिटीजन को अपग्रेडेशन की सुविधा उनकी पसंद के आधार पर दी जाएगी। अगर टिकट बुकिंग के दौरान उन्हें लोअर बर्थ उपलब्ध कराया गया है और उन्होंने अपग्रेडेशन का विकल्प चुना है तो अपग्रेडेशन से पहले उनके मोबाइल पर एसएमएस आएगा। एसएमएस के माध्यम से यह जानकारी दी जाएगी कि आपका टिकट उच्च श्रेणी में अपग्रेड होगा। पर लोअर बर्थ मिलेगा या नहीं इसकी गारंटी नहीं है। उनकी स्वीकृति के बाद ही अपग्रेडेशन लागू होगा।

# इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लाखों की चोरी, दो दिन के भीतर दबोचे गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र के एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान चोरी कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है। इसके साथ ही चोरी में इस्तेमाल पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने छगन खजुरिया की शिकायत पर हीरापुर निवासी समरजीत भारद्वाज तथा टाटीबंद निवासी बलराम साहू को गिरफ्तार किया है। छगन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात ने चोर उसके काव्या इलेक्ट्रानिक शोरूम में चोरी की है। बदमाश 12-13 मई दरमियानी रात चोरी की थी। चोरी करने बदमाश शोरूम के पीछे दीवार में लगे सोलर के ऊपर चढ़कर, लॉक तोड़कर शोरूम के अंदर प्रवेश कर चोरी की थी। घटना स्थल के आसपास पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज में संदिग्ध रूप से एक पिकअप वाहन को आते-जाते देखा। पिकअप के नंबर के आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंची।

- शोरूम में चोरी करने पिकअर वाहन लेकर गए थे

# मेडिकल कॉलेज के डीन को पिछड़ा वर्ग ने दी बधाई

**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने कैंसर विभाग पहुंचकर बधाई दी। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल का नाम आपने रोशन किया है, आपने कैंसर के इलाज का हब बना दिया है। निश्चित रूप से अधिकांश मरीज ठीक होकर जा रहे हैं। इस अवसर पर अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल, सर्जरी विभाग की अधीक्षक मंजू सिंह, ओमप्रकाश मिश्रा, पिछड़ा वर्ग के युवा प्रदेश महासचिव अमर सिंह कुशवाहा, श्रेयस बैरागढ़े, दिनेश करढ़भुजे, सत्यम श्रीवास्तव, दिनेश सोनकर, राजेश वैष्णव, जाहिद कुरैशी, अनिल पुरैना, हरि साहू समेत अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



**// ईश्तहार //**

पत्र क्रं /20094/ न.पा.नि./ जोन क्रं- 10 /2025
रायपुर, दिनांक **16.05.2025**
नामंतरण प्र.क्र. **20094**
वार्ड का नाम **53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **53** स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR651J14761** जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती **RAMESH LAL DODAI** पिता/ पति श्री/श्रीमती **S/O LAXMAN DAS DODAI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **SUMITRA SAHU** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O RAJESH KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-A**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :-जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00079 बनरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440726100033

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00079 के अंतर्गत ग्राम बनरसी के वर्तमान भूमिस्वामी ना.बा.सपना वोवली निरंजन पि. गोवर्धन पिता/पति-पता सा. मानाकेम्प के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 453/3 (0.0390) में प्रस्तावित भूमि स्वामी / क्रेता सपना नंदी पिता/पति - निरंजन मंडल पता- 18/24 नई मार्केट, मानाकैम्प वार्ड नं. 1 रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/06/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-A पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**Prakash soni**
**तहसील - रायपुर**



## खबर संक्षेप



### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर के कक्षा बारहवीं एवं दसवीं के छात्रों ने रायपुर तथा संपूर्ण छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। सीबीएसई-2025 परीक्षा के अंतर्गत बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में कला संकाय से ज्ञानवी कोरे 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, पलक सोनकर 91.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अविका सिंह 88.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार विज्ञान संकाय से शुभम पात्रे 90.6 प्रतिशत, छवि पाटिल 90.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा हर्ष साहू 89.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान तथा वाणिज्य संकाय से रुचिका वर्मा 93.4 प्रतिशत अंकों के प्रथम स्थान, रिशिका साहू 89.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अर्णव कश्यप 86.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में चंचल भारती 93.6 प्रतिशत तथा अनस अहमद 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे। रचित नायक 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे तथा सुष्मिता पात्रे 91.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं । कक्षा बारहवीं में 2 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, जिसमें संस्कृति शुक्ल ने फिजिकल ऐक्टिविटी ट्रेनर विषय में एवं हर्ष साहू ने कंप्यूटर साइंस विषय में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए। कक्षा दसवीं में भी 2 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, इनमें क्रमशः सेमोन सांगसूरतन (संस्कृत), अनस अहमद (गणित) शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुजीत सक्सेना, उप-प्राचार्या सुनीता खिरबत तथा सभी शिक्षकों ने होनहार छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बीएड-डीएलएड के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। यह प्रवेश परीक्षा 22 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। छात्र व्यापम की वेबसाइट पर जाकर अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड नंबर पर भेजे गए एसएमएस पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। व्यापम ने किसी भी तरह की दिक्कत के लिए प्रवेशपत्र भी जारी किया है।

### पीपीटी व प्रीएमसीए के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री पॉलिटेक्टनिक टेस्ट तथा प्री एमसीए के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। उक्त दोनों ही परीक्षाएं एक मई को आयोजित की गई थीं। छात्र मॉडल आंसर पर 21 मई तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान करना होगा। दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद व्यापम अंतिम परिणाम जारी करेगा।

# सामान्य यात्रियों की वापसी पर डोमेस्टिक फ्लाइट पैकेज पर अभी भी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीजफायर होने और विमानतलों में हाई अलर्ट पर दी गई ढील के बाद सामान्य यात्रियों की वापसी होने लगी है। छुट्टियों में विभिन्न शहरों में घूमने के लिए डोमेस्टिक फ्लाइट पैकेज बुक करवाने वालों के मन से अभी डर खत्म नहीं हुआ है। युद्ध के हालात बनने पर देश और विदेश यात्रा की बुकिंग कैंसिल होने का सदमा झेल रहे ट्रैवल्स एजेंट बची छुट्टियों में सैर-सपाटे करने वालों की बुकिंग बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद देश के कई विमानतलों को बंद कर दिया गया था। इस दौरान रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट सहित अन्य शहरों के एयरपोर्ट में सुरक्षा हाईअलर्ट पर थी। युद्ध की स्थिति टलने के बाद सुरक्षा में ढील दी गई है और यात्रियों को तीन घंटे पहले विमानतल पहुंचने की पाबंदी हटा दी गई है। एहतियात के तौर पर यहां विजिटर एंट्री बैन कर दिया गया था, जिसे वापस लिया जा चुका है।

व्यास ट्रैवल्स के संचालक पंकज व्यास ने बताया कि तनाव समाप्त होने के बाद दूसरे शहरों की यात्रा करने वाले सामान्य यात्री लौट चुके हैं। दूसरे शहरों के लिए बुकिंग हो रही है, मगर छुट्टियां शेष होने के बाद भी सैर-सपाटा के लिए जाने वाले बुकिंग के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। अशांति के दौरान भारी संख्या में लोगों ने टिकट कैंसिल कराया है। जिनकी यात्रा जून में पूरी होनी है, वे धीरे-धीरे मूड बना रहे हैं और संभावना है कि आने वाले दिनों और बारिश के पहले तक लोगों की छुट्टियों की यात्रा का मूड फिर से जमेगा।



- विमानतल में हाई अलर्ट से दी गई ढील, विजिटर एंट्री से भी पाबंदी हटी
- छुट्टियां बाकी इसलिए सैर-सपाटे वालों की बुकिंग बढ़ने का इंतजार

### एयरपोर्ट में हुआ था मॉकड्रिल

तनाव के दौरान रायपुर एयरपोर्ट में भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात सुरक्षा बलों की सक्रियता को परखा गया था। इसके लिए विमानतल में मॉकड्रिल भी किया गया था और रात में ब्लैक आउट की प्रक्रिया दोहराई गई थी। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि उस अवधि में रायपुर विमानतल पर आवाजाही करने वालों की पूरी सख्ती से जांच की गई थी। हालांकि उस अवधि में रायपुर से संचालित होने वाले किसी भी विमान की आवाजाही पर असर नहीं हुआ था।

### विदेशों का टिकट भी रद्द, करोड़ों का नुकसान

तनाव को देखते हुए देश के साथ विदेश जाने वाले यात्रियों ने भी मई के महीने का टिकट कैंसिल करा दिया था। इसमें तुर्की, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जाने वाला परिवार शामिल था। काफी यात्रियों की बुकिंग जून की है, जो आपात स्थिति हटने के बाद बाहर जाने का मन बना रहे हैं। जून में प्रदेश से काफी लोगों ने न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों का टिकट कराया है। इसके अलावा आने वाले दिनों में देश के भीतर के विभिन्न शहरों की बुकिंग बढ़ने का अनुमान है।

## मानसून आने के पहले महापौर ने निगम अमले को दिए निर्देश

# मीनल ने कहा- बारिश से पूर्व बड़े नालों की सफाई नहीं हुई तो जोन कमिश्नर होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने बारिश का सीजन शुरू होने से पहले निगम क्षेत्र के सभी बड़े नालों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई कराने के लिए सभी जोन कार्यालयों को 25-25 सफाई कर्मचारियों का अतिरिक्त बल दिया गया है, ताकि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सभी नालों की सफाई हो सके। इसके बाद भी अगर किसी क्षेत्र में नाला जाम होने से जलभराव की स्थिति बनेगी, तो इसके लिए संबंधित जोन कमिश्नर जिम्मेदार होंगे।

हरिभूमि सरोकार

महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में बारिश के पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई को लेकर आवश्यक बैठक बुलाई। इस बैठक में निगम के अधिकारियों के साथ सभी जोन क्षेत्र के अध्यक्ष, कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने सभी बड़े नालों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को 30 मई तक सभी बड़े नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कई जोन कमिश्नरों एवं अध्यक्षों ने उनके जोन में सफाई कर्मचारियों की कमी की बात कही। इसे देखते हुए महापौर ने सभी जोन कार्यालयों को नालों की सफाई के लिए 25-25 सफाई कर्मचारियों का अतिरिक्त बल मुहैया कराए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने इस दौरान दो टूक यह भी कहा कि अतिरिक्त सफाई बल मुहैया कराने के बाद भी अगर समय-सीमा में नालों की सफाई नहीं हुई, तो इसके लिए जिम्मेदार जोन कमिश्नर होंगे।




### जलभराव से निपटने एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए भी दिए आवश्यक निर्देश

महापौर ने बैठक में बारिश के दिनों में शहर में होने वाले जलभराव क्षेत्रों की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें, ताकि लोगों को जलभराव के कारण होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक में चर्चा की। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, महापौर ने कहा- कमिश्नर एफआईआर कराएं

शहर में अनेकों जगहों पर जोन कार्यालय से अनुमति लिए बगैर कई मोबाइल कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा टॉवर लगाने के लिए भूमिगत केबल बिछाई जा रही है। इसके लिए नई सड़कों को भी खोदा जा रहा है और केबल बिछाने के बाद सड़कों की न ही मरम्मत कराई जा रही है और न ही दोबारा डामरीकरण कराया जा रहा है। सड़कों के गड्ढों को सिर्फ मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया जा रहा है। कई जगह तो सड़कों की खुदाई के दौरान निगम के नल पाइप लाइन को भी क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, जिसे सुधारने का काम नगर निगम को करना पड़ रहा है। ऐसे ही दो मामले वार्ड क्रमांक 56 ले. अरविंद दीक्षित वार्ड अंतर्गत न्यू राजेंद्रनगर में सामने आए हैं। इस मामले में महापौर ने कहा कि बगैर अनुमति के केबल बिछाने तथा पाइप लाइन डेमेज करने पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। इसके लिए जोन कमिश्नर को कंपनी के खिलाफ न केवल एफआईआर कराना चाहिए, बल्कि जुर्माना-हर्जाना भी वसूला जाना चाहिए।

# जामनगर से लाए गए जेब्रा की सर्पदंश से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- अनंत अंबानी द्वारा संचालित एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाए थे
- जेब्रा को एक पखवाड़ा पूर्व ही जामनगर से लाए थे

जंगल सफारी में एक वयस्क नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप काटने की घटना गुरुवार देर रात साढ़े 12 बजे के करीब की है। जेब्रा को सांप काटे जाने के बाद जू कीपर की उस नजर पड़ी, तब तक जेब्रा जिंदा था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था।

जू कीपर ने तत्काल इसकी सूचना जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर के साथ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. जय किशोर जड़िया को दी। दोनों ने मौके पर पहुंचकर जेब्रा को बचाने एंटी स्नैक वेनम डॉट लगाया, बावजूद इसके जेब्रा को बचाया नहीं जा सका और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सफारी में जिस जेब्रा की मौत हुई है, उस जेब्रा को एक पखवाड़ा पूर्व अनंत अंबानी की संस्था द्वारा संचालित गुजरात स्थित जामनगर राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए जंगल सफारी के डायरेक्टर ने सभी आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

सभी प्रजाति के वन्यजीवों के बाड़े में सर्प नियंत्रण और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने के डायरेक्टर ने निर्देश दिए हैं।

### रसेल वाइपर के काटने से मौत

जंगल सफारी में दोपहर तक तेज धूप थी। दोपहर तीन बजे के बाद मौसम बदला और कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। इससे जमीन के नीचे उमस बढ़ गई। गर्मी तथा उमस से बचने जहरीले सांप के बिल से निकल कर जेब्रा को डसे जाने की आशंका जताई जा रही है। जेब्रा को रसेल वाइपर द्वारा डसे जाने की आशंका जताई जा रही है।

# अवैध रेत उत्खनन के 876 प्रकरणों में 2.69 करोड़ रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामले में खनिज विभाग ने एक साल में 876 मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ 69 लाख 70 हजार 2 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया है, वहीं चालू वर्ष में 81 मामलों में 20 लाख 90 हजार रुपए से अधिक राशि वसूल की गई है।

खनिज विभाग के उप संचालक किशोर गोलघाटे ने बताया कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश में जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध रेत उत्खनन के 53 मामलों में 4296300 रुपए, अवैध परिवहन के 819 मामलों में 22414900 रुपए तथा अवैध भंडारण के 4 मामलों में 259000 रुपए की वसूली की गई है। इस तरह कुल 876 मामलों में 26970200 रुपए की राशि वसूली की गई है।



### साढ़े चार माह में 81 मामले में 20 लाख से अधिक राशि वसूली

उन्होंने बताया कि चालू वर्ष में 15 मई तक की स्थिति में अवैध रेत उत्खनन का एक मामला सामने आया, जिसमें कार्रवाई कर 59000 रुपए वसूले गए हैं, वहीं अवैध परिवहन के 80 मामलों में 2090600 रुपए की राशि वसूली है। इस प्रकार 81 मामलों में 2149600 रुपए की राशि वसूली गई है।

# बंगाल की खाड़ी से आने लगी नमी, उमस बढ़ाएगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- प्रदेश में बढ़ेगी अंधड़ बारिश की गतिविधि

विभिन्न तरह के सिस्टम बनने की वजह से प्रदेश में आने वाली नमी की मात्रा में इजाफा हो रहा है, जिसकी वजह से गर्मी के बजाए उमस वाली बेचैनी बढ़ाएगी। नये सिस्टम के सक्रिय होने की वजह से प्रदेश में अंधड़ बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी भी होगी। शुक्रवार को उमसभरी गर्मी के बाद देर रात राजधानी में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हुई।

प्रदेश में अब तक मई की भीषण गर्मी ने अपना असर नहीं दिखाया है। अप्रैल में पारा 44 डिग्री के पार हुआ था, मगर इस महीने का पहला पखवाड़ा अधिकतम 42 डिग्री के पार नहीं हो पाया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम को प्रभावित करने वाली विभिन्न तंत्रिकाओं की वजह से लगातार तेज हवा और वर्षा की गतिविधि बनी रहने के कारण गर्मी अपना प्रकोप नहीं दिखा पाई है। आने वाले दिनों में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना कम है, क्योंकि बंगाल की खाड़ी से हवा के साथ आने वाली नमी की वजह से अंधड़ के साथ बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना बनी हुई है। शुक्रवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान बिलासपुर का 41.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं रायपुर का पारा 40.6 पर सिमटा रहा। धूप में तेजी के बजाए नमी वाली बेचैनी थी, जो लोगों की परेशानी का कारण बनी रही। आने वाले दिनों में भी इसी तरह के सिस्टम गर्मी की उतार-चढ़ाव वाली स्थिति को बनाए रखेंगे। इस बार मई का तापमान अपने पिछले साल के रिकार्ड 46.8 तक पहुंचने की संभावना काफी कम लग रही है।

### मानसून का माहौल बन रहा

दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले दो से तीन दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। इसके केरल में भी इस माह के अंत तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। माना जा रहा है कि मानसून की रफ्तार अगर इसी गति से रही, तो यह प्रदेश में अपने सामान्य तिथि से पहले पहुंच जाएगा।

# 12वीं परीक्षा परिणाम के पहले ही बंद हो गए थे पोर्टल, अब रविवि फिर से मंगाएगा अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा अध्ययनशाला में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन फिर से शुरू कर दिए गए हैं। पूर्व में 12 मई तक छात्रों से इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। सीबीएसई के परिणाम अंतिम तिथि गुजर जाने के पश्चात 13 मई को जारी हुए। इसे लेकर कई छात्रों ने विरोध प्रकट किया था। विद्यार्थियों का कहना था कि 12वीं के नतीजे आने से पहले से आवेदन पोर्टल बंद होने के कारण वे फॉर्म नहीं भर सके हैं। रविवि द्वारा शुक्रवार को इस संदर्भ में अधिसूचना जारी करते हुए छात्रों से आवेदन मंगाए गए हैं।

गौरतलब है कि इस बार रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव किया गया है। पूर्व में ऑनलाइन होने वाली प्रवेश परीक्षा इस बार ऑफलाइन होगी। इसके अलावा छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए शुल्क भी देना होगा। शुल्क प्रदान किए जाने सहित आवेदन की सभी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पुनः प्रारंभ किए जाने के बाद एंट्रेस एग्जाम की तारीखों में बदलाव भी संभावित है।



- प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पुन: प्रारंभ, 27 मई तक फॉर्म भर सकेंगे छात्र
- 12 मई तक मंगाए गए थे आवेदन, इसके बाद जारी हुए सीबीएसई के परिणाम

### एमकॉम में 40% छात्र फेल

रविवि द्वारा एमकॉम सहित कई कक्षाओं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। एमकॉम अंतिम वर्ष के परिणाम 59.61 प्रतिशत रहे हैं। इस परीक्षा में 760 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 453 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 306 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है, जबकि 31 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं वार्षिक परीक्षा पद्धति पर बीते वर्ष अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा के नतीजे भी जारी कर दिए गए हैं। बीकॉम प्रथम वर्ष में 151 में से 86 छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। बीएससी प्रथम वर्ष में 196 में से 102 तथा बीए प्रथम वर्ष में 281 छात्रों में से 186 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

### सीबीएस के प्रवेश पत्र जारी

अध्ययनशाला में संचालित पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा 20 मई को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक आयोजित होगी। मूल विज्ञान केंद्र के निदेशक प्रो.कल्लोल के घोष तथा केंद्राध्यक्ष डॉ.लक्ष्मीकांत ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूर्ण हो गयी है। परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर के ही अध्ययनशालाओं में आयोजित होगी। परिसर के मूल विज्ञान केंद्र, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, गणित अध्ययनशाला, विधि अध्ययनशाला, फार्मेसी विभाग, विज्ञान भवन, कम्प्यूटर विज्ञान, कला भवन, नवीन परीक्षा भवन तथा बी.एड. भवन में बैठक व्यवस्था की गई है। चूंकि प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की गई है, ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रविवि सीबीएस के लिए भी आवेदन तिथि में वृद्धि करेगा अथवा पूर्व तिथि में ही प्रवेश परीक्षा होगी।

### चरामेति फाउंडेशन दिव्यांग सेवा 'आंबेडकर' को दीं 8 व्हीलचेयर



**रायपुर।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए 16 मई शुक्रवार को 8 व्हीलचेयर प्रदान की गईं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर एवं सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल ने इस अवसर पर कहा कि इन व्हीलचेयर्स से अशक्त एवं गंभीर मरीजों को विभिन्नि प्रकार की जांच के लिए ले जाने में बहुत ही सहायता मिलेगी। उन्होंने इस हेतु चरामेति फाउंडेशन की सराहना भी की। फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने सुभाषिनी जतिंदर भनोट, सुनीला बेन पंड्या, डॉ. शीला गोयल, डॉ. जेके गोयल, प्रेमनारायण सोलंकी, एके गांगुली के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से व्हीलचेयर प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम डॉ. मृणालिका ओझा, रोशन बहादुर, शेखर गोस्वामी, वीरेंद्र, अनीता अग्रवाल, गौरव दुबे, अखिलेश आदि की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रेमप्रकाश साहू एवं आभार व्यक्त शुभ्रा ने किया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### तनिष्का अवस्थी ने 10वीं सीबीएसई बोर्ड में 94.4% अंक प्राप्त कर रचा कीर्तिमान


**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित स्कॉलर इंग्लिश मिडियम स्कूल की छात्रा तनिष्का अवस्थी ने 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है।



- विशेष बात यह है कि तनिष्का ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के केवल सेल्फ स्टडी से प्राप्त की

तनिष्का की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि यदि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। विशेष बात यह है कि तनिष्का ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के, केवल सेल्फ स्टडी से प्राप्त की। उनका कहना है कि नियमित पढ़ाई, समय का बेहतर प्रबंधन और विषयों की गहरी समझ उनकी सफलता के प्रमुख सूत्र रहे। तनिष्का के पिता पिंटू अवस्थी ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि तनिष्का शुरू से ही पढ़ाई को लेकर गंभीर रही है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 17 मई 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





नवा रायपुर में हाल ही में ट्राइबल म्यूजियम आमजनों के लिए प्रदर्शित कर दिया गया है। जहां 14 गैलरी में प्रदेश के 43 जनजातीय समुदायों की जीवनशैली को जीवंत रूप में दिखाया गया है। इसे देखने के लिए शोधकर्ताओं, म्यूजियम प्रेमियों व आम लोगों की तांता लग गया है।

# रिसर्च टीम ने 2 साल तक कई आदिवासी गांवों में जीया जनजातीय जीवन, फिर ट्राइबल म्यूजियम में किया प्रदर्शित

## ट्राइबल म्यूजियम में प्रदेश की पूरी 43 जनजातियों के घर-संसार का जीवंत चित्रण

**रायपुर।** यह ट्राइबल म्यूजियम जो जीवंत बन पाया, उसमें आदिम जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के 20 सहायक अनुसंधान अधिकारियों की रिसर्च टीम का योगदान अहम रहा है, जिन्होंने राज्यभर में मध्य, उत्तर, दक्षिण जनजातीय क्षेत्रों, जिसमें बस्तर, सरगुजा, गरियाबंद, बिलासपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा जैसे ट्राइबल एरिया के एक-एक गांव में जाकर वहां के खानपान, पहनावा, तीज-त्योहार, रीति-रिवाज को करीब 2 साल तक उनके बीच रहकर जीया और म्यूजियम के लिए उनके वस्त्र, औजार, बर्तन, आभूषण आदि अनेक तरह की ऐतिहासिक सामग्री का संग्रहण किया। राज्य आदिम जाति विभाग आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्रभारी डायरेक्टर गायत्री नेताम में बताया कि प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में विभाग के अनुसंधान दल ने अलग-अलग टीम बनाकर 2 साल तक इन ट्राइबल गांवों में उनकी जीवनशैली को देखकर, जानकर और वहां से मिली सामग्री को हूबहू संग्रहित किया है। यूं कहें कि ट्राइबल म्यूजियम में प्रदेश के पूरे 43 जनजातियों के घर-संसार को साकार कर दिया है।





### ट्राइबल फोटो बूथ से क्लिक कर रहे जनजातीय छवि

म्यूजियम में आकर्षण व मनोरंजन का केंद्र बना है, ट्राइबल फोटो बूथ जहां कियोस्क ट्राइबल फोटो बूथ सिस्टम पर लोग फोटो खिंचाने पर उनकी फोटो मांझी, राजगोंड़, बैगा, नगेशिया जैसी पांच जनजातियों की तरह बदल दे रहा है। यहां लोग जनजातीय छवि पाकर बहुत उत्साहित महसूस करते दिख रहे हैं।



**समय रोज सुबह 10 से शाम 6 बजे तक, सोमवार अवकाशः** जनजातीय संसार को करीब से जानना व देखना है तो ट्राइबल म्यूजियम आप विजिट कर सकते हैं, पर सप्ताह में एक दिन सोमवार को म्यूजियम में अवकाश रहता है। बाकी दिन सुबह 10 से 6 बजे तक म्यूजियम आम लोगों के लिए खुला रहता है।

### 14 गैलरी में पूरी 43 जनजातियों का जीवंत चित्रण

आदिवासी महिलाओं के आभूषणों में कलाई में पहनने जाने वाले बनुरिया, पहुंची, करधन, रुपया, शिकार व कृषि उपकरणों में नागर, भाला, तीर-कमान, वस्त्रों में पुरुषों की धोती, गमछा, बंडी, महिलाओं के वस्त्रों में ध्रुवा जनजातियों की साड़ी, बस्तरिया लुगरा अन्य जैसे मूलभूत के उपयोगी सामान आदि को उन जनजातियों से दान में लेकर तो कुछ को वहां के स्थानीय बाजार से खरीदकर म्यूजियम में प्रदर्शित किया गया है। वहीं उनके घरों, जंगलों, बाजार-हाट, शादी-ब्याह, धार्मिक पूजा-पाठ, वाद्ययंत्रों को संजोया गया है।



### क्यूआर कोड स्कैन कर जानिए जनजातीय संस्कृति को

ट्राइबल म्यूजियम में जनजातीय जीवनशैली को संग्रहित व प्रदर्शित करने में टेक्नोलॉजी का जबर्दस्त इस्तेमाल किया गया है। म्यूजियम में एंट्री करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन के लिए कियोस्क सिस्टम लगाया गया है। वहीं म्यूजियम में प्रदर्शित प्रत्येक सामग्री का क्यूआर कोड स्कैन कर पूरी जानकारी तुरंत ली जा सकती है। म्यूजियम में भ्रमण करते समय किसी अन्य से जानकारी लेने की आवश्यकता ही नहीं है।



## एजूकेशन अलर्ट

### प्रीबीएड और प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 मई को, वेबसाइट से प्रवेश पत्र होगा डाउनलोड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा प्री-बीएड और प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन 22 मई 2025 गुरुवार को किया जाएगा। प्री-बीएड परीक्षा पूर्वान्ह और प्री-डीएलएड परीक्षा अपरान्ह में होगी। अभ्यर्थी व्यापम की नई वेबसाइट https://vyapam-cg.cgstate.gov.in/ पर अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यूआरएल के माध्यम से भी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रिंट लिया जा सकता है।परीक्षा के दिन सभी अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर कम से कम एक घंटे पहले पहुंचना होगा, ताकि मूल पहचान पत्र के सत्यापन के बाद उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जा सके। परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

#### फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, या स्कूल/कॉलेज का फोटोयुक्त परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी। बिना मूल पहचान पत्र के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र से संबंधित किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 या मोबाइल नंबर +91-8269801982 पर सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर में 22 मई 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी क्षेत्र के एक नियोजक के कुल 11 पद एवं योग्यता तथा वेतन पदानुसार अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्षेत्र जगदलपुर, कोण्डागांव और दंतेवाड़ा पदों की पूर्ति हेतु भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक निर्धारित स्थल पर समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक-सेट छाया प्रतियां, एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

## सिटी इवेंट

### विविध विषयों पर अमेरिका बेल्जियम सहित वैश्विक प्रतिभागियों ने लिया भाग




**रायपुर।** हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में 'सस्टेनेबल ट्रेड एंड एनवायरनमेंटल गवर्नेंस' विषय पर साप्ताहिक इंटरनेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत सेंटर फॉर ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लॉ, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान और इकोनॉमिक लॉज प्रैक्टिस के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को वैश्विक स्तर पर सहभागिता मिली, जिसमें अमेरिका और बेल्जियम जैसे देशों से प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों में 20 प्रतिशत, शिक्षाविद, 20 प्रतिशत प्रोफेशनल्स, 25 प्रतिशत शोधार्थी और 35 प्रतिशत छात्र रहे, जिससे यह आयोजन विविधता से भरपूर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ में प्रो. (डॉ.) जेम्स नेडुमपारा, प्रमुख, सीटीआईएल और संजय नोतानी, सीनियर पार्टनर एवं प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सीमा शुल्क प्रैक्टिस, ईएलपी ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाग लिया। कुलपति और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कंसोर्टियम के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वीसी विवेकानंदन के उद्घाटन उद्बोधन ने सप्ताहभर चलने वाली चर्चाओं की वैचारिक दिशा तय की।

#### अंतर्राष्ट्रीय संवाद की अत्यंत आवश्यकता

समारोह में कुलपति प्रोफेसर डॉ. वीसी विवेकानंदन ने अपने समापन उद्बोधन में यह दोहराया कि "वर्तमान युग में व्यापार केवल विकास का इंजन नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का साधन बन चुका है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार, कानून, नीति और शासन के भविष्य को आकार देने में अंतर्विषयी, अंतर्पीढ़ीय और अंतर्राष्ट्रीय संवाद की अत्यंत आवश्यकता है। समापन सत्र में अनुराग सहगल मैनेजिंग डायरेक्टर और अमिता वर्मा दुग्गल संस्थापक भागीदार ने भी अपने व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर विचार साझा किए और एचएनएलयू के इस अभिनव और सहयोगात्मक प्रयास की सराहना की। समारोह का समापन डॉ. अंकित अवस्थी, प्रमुख, सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ एंड डब्ल्यूपीओ स्टडीज एचएनएलयू के आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

### पितृ शांति के लिए होगा पोथी पाठ यज्ञ के बाद विशाल भंडारा प्रसादी

**रायपुर।** श्री राधा सखी परिवार द्वारा ऋषि पंचमी उद्यापन एवं अष्टोत्तर श्रीमद 108 भागवत कथा यज्ञ के आयोजन को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि वृंदावन के आचार्य पुनीत कृष्ण महाराज द्वारा ज्ञान यज्ञ का रसपान श्रोतावृंद को कराया जाएगा, जिसके लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारी बांटी गई। वहीं राधा सखी परिवार महिला समिति की अध्यक्ष अंजना अग्रवाल ने बताया कि यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है एवं पितृ शांति सहित पितृ मोक्ष के लिए पोथी पाठ भी आयोजित है। ऋषि पंचमी का उद्यापन 28 अगस्त को एवं श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 29 अगस्त से प्रारंभ होगा, जिसका समापन 4 सितंबर को होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने वनबंधु परिषद, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन(उमंग शाखा) सहित सोनी समाज एवं हम साथ साथ है फाउंडेशन भी विशेष सहयोग रहेगा। बैठक में प्रमुख रूप से अंजना अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, हेमलता बंसल, रश्मि गोयल, बिंदिया अग्रवाल, सविता गुप्ता, अनिता खंडेलवाल, विजया अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, किरण छाछरिया मौजूद रहे।



# मंच पर बिखेरे सुर-ताल के रंग, छात्राओं की दिलकश परफार्मेंस ने बांधा समां

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय द्वारा संचालित अग्रसेन कला केंद्र को एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कला केंद्र से प्रशिक्षित छात्राओं ने शुक्रवार को सेमिक्लासिकल, राजस्थानी फोक, कथक और बॉलीवुड रीमिक्स की मनमोहक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के अनुसार एक साल सफलतापूर्वक पूरे हुए, अब तक लगभग 50 प्रशिक्षु इस कला केंद्र से प्रशिक्षण ले चुके हैं और आगे भी प्रयास है कि कला केंद्र को प्रदेशभर में जाना जाए। कला केंद्र में 6 विधाओं की शिक्षा ढोलक, तबला, कथक, सुगम गायन, बांसुरी, फाइन आर्ट अभी वर्तमान में संचालित है, जिसका प्रशिक्षण अपूर्वा शर्मा, स्नेहा पांडे, योगेश शर्मा, ऋषिकेश जॉय, सुमित तिवारी दे रहे हैं, जो अपनी विधा के मंजे हुए कलाकार हैं।



**सेमिक्लासिकल** राजस्थानी फोक और बॉलीवुड सांग्स की प्रस्तुति

#### गुरुओं का किया सम्मान

*महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि कला केंद्र महाविद्यालय का एक अभिन्न अंग है, कला केंद्र में प्रशिक्षक सालभर से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उनका सम्मान भी किया गया। वे छात्रों के लिए गुरु के साथ-साथ उनके प्रेरणास्त्रोत भी हैं, इस प्रकार के आयोजन से महाविद्यालय को लोग अब कला केंद्र के नाम से भी जानने लगेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने कला केंद्र से सभी प्रशिक्षु छात्रों को शुभकामनाएं दीं।*

# खेल प्रशिक्षण संग गर्मी की मस्ती यूनियन क्लब में समर कैंप शुरू



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के मेगा समर कैंप का शुभारंभ यूनियन क्लब में हुआ। यह कैंप 15 मई से 20 जून तक चलेगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ और यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने जानकारी दी कि इस समर कैंप में स्वीमिंग, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण विशेषज्ञ कोच द्वारा दिया जा रहा है। कैंप में बड़ी संख्या में बच्चों की भागीदारी देखी जा रही है। उद्घाटन कार्यक्रम में ललित जैसिंघ, संजय रहेजा, विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, चंदन जैसिंघ, धनेश मटलानी, तेजकुमार बजाज, नितिन कृष्णानी, प्रणीत सुंदरानी, मोहन वल्र्यानी, नीलेश तारवानी, विशाल नारंग, मनीष थारानी, दीपक रामनानी, जितेंद्र मलघानी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## पुराने वाद्ययंत्र की कला सीखने पहुंचे युवा, कला संस्कृति से जुड़ रहा हर वर्ग

कार्नर न्यूज

# मोर पंख छूते ही मटके से गूंज उठी शेर की दहाड़, आकार में 'घुमरा' बना आकर्षण का केंद्र





**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आकार 2025 की जोरदार शुरुआत हो चुकी है। आयोजन के दूसरे दिन शहरवासियों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं के प्रति गहरी रुचि देखने को मिली। इस वर्ष गोदना आर्ट, आदिवासी नृत्य, लोक गीत-संगीत, नाचा और वाद्ययंत्र प्रशिक्षण जैसे पारंपरिक कला रूपों में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। पंजीयन कार्यालय में सुबह से देर रात तक प्रतिभागियों की भीड़ उमड़ती रही। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यहां वाद्य यंत्र आकर्षण का केंद्र बने हुए है।



### मटके से निकलती है शेर दहाड़

आकार शिविर में वाद्ययंत्र प्रशिक्षण केंद्र में एक अनोखा वाद्ययंत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मिट्टी के मटके, जानवर की खाल और मोर के पंख से बना यह वाद्ययंत्र जब बजता है, तो शेर की दहाड़ जैसी आवाज निकालता है। जैसे ही मटके में लगे मोर पंख को खींचा जाता है, परिसर में गूंज उठती है दहाड़ जिसे दूर से भी सुना जा सकता है। इस अनोखे वाद्य को 'घुमरा' कहा जाता है, जो सरगुजा क्षेत्र की प्राचीन आदिवासी परंपरा का हिस्सा है। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह वाद्ययंत्र जंगलों में जंगली जानवरों को दूर भगाने और खेतों की सुरक्षा के लिए उपयोग किया जाता था। अब यह विरासत लोगों को लोककला और संस्कृति से जोड़ रहा है।



### बांस से झरने की आवाज

मन को सुंदर वादियों के बीच पहुंचाने वाल यह वाद्ययंत्र देखने में जितना सरल लग रहा, इसकी खासियत और प्रसिद्धी उतने ही प्राचीन है। दो बांस की लकड़िओं से तैयार वाद्ययंत्र तो एक ओर से दूसरे ओर मोड़ने पर झरना जैसा आवाज सूनने को मिलता है, जो शहर के लोगों के लिए अद्भूत नाजारा है। प्रशिक्षण केंद्र में वाद्ययंत्र की विशेषता को देख, लोग इसे बनाने में रूचि दिखा रहे।

### लोकसंस्कृति एवं परंपराओं पर रुझान

आकार में आदिवासी लोक संगीत सुवा, करमा, पंथी, ददरिया प्रतिभागियों की पहली पसंद बनी हुई है। आकार के दूसरे दिन ही प्रतिभागियों की भीड़ देखने को मिली, इस मौके पर आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जानने की ललक लोगों में देखने को मिल रहा है। इस वर्ष शहरवासी छत्तीसगढ़ संस्कृति की ओर रूचि दिखा रहे है, इस मौके पर भरथरी, गोदना आर्ट, नृत्य-संगीत और शिल्प भी चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां पहले दिन से ही लगातार पंजीयन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।

## सिटी इवेंट

## इंटरनेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप 23 से हैदराबाद में, तैयारी जोरों पर



**रायपुर।** इंटरनेशनल रिंग फाइट चैम्पियनशिप 2025 में विजेता बनने के लिए छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की टीम विगत कई सप्ताह से लगातार तैयारी में जुटी हुई है, जिन्हें महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय परिसर में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य हैदराबाद में होने वाली इंटरनेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप 2025 में प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अवसर देना है। इंटरनेशनल प्रतियोगिता की शुरुआत 23 मई से होने जा रहा है, जिसमें शामिल होने छात्र-छात्राएं विगत कई सप्ताह से लगातार मेहनत कर रहे हैं।

### स्पर्धा में शामिल होने छात्रों का संघर्ष

निशुल्क प्रशिक्षण के अंतर्गत 30 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें गौरव हेमने, तुषार वर्मा, वेदांत साहू, तन्वी साहू, यशिका साहू और वर्तिका क्षीरसागर समेत अन्य प्रतिभागियों की मेहनत सराहनीय है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के संरक्षक अजय मधुकर काले और अध्यक्ष चेतन दंडवते के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रिंग फाइट स्पर्धा में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ी उत्साहित हैं, जिसके लिए रोजाना वे घंटों मेहनत कर रहे हैं। निशुल्क प्रशिक्षण में विजेता छात्र-छात्राओं को हैदराबाद में देश-विदेश के खिलाड़ियों के बीच खेलने का मौका मिलेगा, साथ ही विजयी होने पर मान-सम्मान और पुरस्कार भी दिया जाएगा।

## धर्म लाइव

## ऑपरेशन सिंदूर की गूंज में निकाली तिरंगा यात्रा, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेलमंडल में 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता और उसमें वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों को नमन करते हुए भारत की विजय का गौरव मनाने के लिए गुरुवार सुबह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा रेलवे इंस्टीट्यूट खारुन विहार से प्रारंभ होकर रायपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंची। इस आयोजन का नेतृत्व अवधेश कुमार त्रिवेदी ने किया। यात्रा में रेलमंडल के अधिकारी, कर्मचारी, रेलवे स्काउट-गाइड, स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

### देशभक्ति के नारों की गूंज

यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा और प्रतिभागियों ने शहीदों की वीरता को सलाम किया। स्टेशन पहुंचने पर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां पुष्प अर्पित कर उन्हें कृतज्ञतापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग और सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद भी उपस्थित रहे। लोगों को संदेश दिया गया कि यह तिरंगा यात्रा न केवल देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रही, बल्कि यह एक प्रेरक संदेश भी रही कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

● रंग मंदिर में रंग संस्कार महोत्सव का आगाज, पहले दिन शहीद वीरनारायण सिंह लोकगाथा का मंचन

# अनाज की एक चिंगारी से जली आजादी की मशाल मंच पर जीवंत हुई वीरता-भूख और बलिदान की गाथा

सुनव भारत अउ छत्तीसगढ़ के दाई-ददा, भाई-बहनी हो...ये मन मोला डाका अउ हत्या के आरोप लगाके फांसी देवत हे। में ह अपन जनता बर लड़े हौं, ओकर भूख ल मिटाए बर लड़े हौं..मोला अपन करे काम बर पछतावा नई हरे। ये शहीद वीरनारायण सिंह के अंतिम वाक्य थे, जब फांसी से पहले जोशीले अंदाज में नगरवासियों को उन्होंने संबोधित किया था। वीरनारायण सिंह की इस वीरता को शुक्रवार को रंग मंदिर में कलाकारों ने नाटक के जरिए मंच पर पेश किया।

**रायपुर।** पात्रों ने नाटक लोकगाथा की जीवंत प्रस्तुति से शहीद वीरनारायण सिंह के इतिहास से जोड़ दिया। तालियों की गूंज और भारत माता की जय...के जयकारों से नाटक का मंचन शुरू हुआ। तब लोगों की आंखों में नाटक को लेकर उत्साह और वीरनारायण सिंह के प्रति गर्व का भाव देखते ही बन रहा था। नाटक के निर्देशक संत फरिकार और पटकथा, संवाद, गीत के संबंध में राकेश तिवारी ने प्रमुखता के मार्गदर्शन किया। बता दें कि संस्कार भारती छत्तीसगढ़ और संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में "रंग संस्कार महोत्सव" का आयोजन किया गया है, जिसके द्वितीय वर्ष तीन दिवसीय भव्य नाटक मंचीय प्रस्तुति देखने को मिलेगी।



### जब बुजुर्गों की दयनीय अवस्था वीरनारायण से देखी न गई

नाटक का प्रारंभ गांव में भुखमरी और अकाल के दृश्य के साथ हुआ, जहां गांव के लोग अन्न के एक-एक दाने के लिए तरस रहे थे। नगरवासियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए, जमींदार नारायण सिंह गांव के माखन सेठ से मदद के लिए पहुंचे, जिसने अंग्रेजों के साथ मिलकर भुखमरी से जूझ रही जनता की मदद करने से इंकार कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों की दयनीय अवस्था वीरनारायण से देखी न गई और उन्होंने माखन सेठ के गोदाम से अनाज की चोरी कर ली, जिसके बाद माखन सेठ रायपुर में मौजूद अंग्रेज अफसर इलियट के पास पहुंचा। अंग्रेज अफसर के कहने पर वीरनारायण को बंदी बनाया गया, जहां जेल में दो कैदियों हनुमान सिंह और सुरेंद्र साय की मदद से जेल से भागने में सफल रहे। उन्होंने आजाद होकर लोगों की मदद की और अंत में उन्हें अंग्रेजों द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई। अंतिम विदाई के दौरान वीरनारायण सिंह ने जोशीले अंदाज में नगरवासियों को विदा ली और अपने साहस भरे कार्य पर गर्व जताया।



### वीरता का मंचन देख रोंगटे खड़े हुए

वीरनारायण शहीद महान, अमर रही ओखर बलिदान..जय छत्तीसगढ़...आजादी के पहली लड़ाई मंगल पांडे, तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई.. जय छत्तीसगढ़ महातारी...ये नारे नाटक मंचन के दौरान लगाए गए। इस दौरान कलाकारों के एक-एक बोल ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए। छत्तीसगढ़ में आजादी की वह लड़ाई, जिसने अपने वीर सपूत को खोया है। नाटक के माध्यम से कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति ने लोगों को 1857 के बलिदानी वक्त में पहुंचा दिया। यह मंजर लोगों की आंखों में सदैव, गर्व और वीरता के दृश्य जीवित रखेगा।



### जीवंत तस्वीर ने किया ध्यान आकर्षित

रंग संस्कार महोत्सव में देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित 53 चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसे प्रदेशभर के 50 चित्रकारों ने देवी अहिल्याबाई के जीवन प्रसंगों के आधार पर तैयार किया है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में रायपुर की चित्रकार सोनल शर्मा की तस्वीर दर्शकों का प्रशंसा बटोर रही है। तस्वीर की सुंदरता शब्दों में बयां करना मुश्किल है, जिसमें अहिल्याबाई के कोमल हृदय, सुंदर मुख, महारानी के ठाठ-बाट और शिवभक्ति को दर्शाया गया है। एक ही तस्वीर में अहिल्याबाई के 17 भिन्न किरदारों को प्रमुखता से दिखाया गया है, मानो सराहनीय तस्वीर का एक-एक दृश्य नई कहानी को जन्म दे रहा है।



# 'मूक हत्यारा' है हाई ब्लडप्रेशर, समय पर पहचान ही इसका सटीक उपाय

**रायपुर।** अपने रक्तचाप यानी ब्लडप्रेशर को सटीक रूप से मापकर लंबा जीवन जीया जा सकता है। इसके अलावा स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम के माध्यम से भी हाइपरटेंशन की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है। 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनया जाता है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता प्रभावी प्रबंधन और रोकथाम के तरीकों को बढ़ावा देना है। चिकित्सकों के मुताबिक, उच्च रक्तचाप एक मूक हत्यारा है, जिसका कोई लक्षण नहीं दिखता, लेकिन यह दिल की बीमारी, स्ट्रोक और गुर्दे की विफलता जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे बढ़ावा देने में ज्यादा नमक, तंबाकू और अल्कोहल का उपयोग, अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी, तनाव और वायु प्रदूषण कारण बन सकता है। इसके नियंत्रण के लिए रक्तचाप की नियमित जांच करानी चाहिए, स्वस्थ आहार लेना चाहिए, नियमित व्यायाम करना चाहिए और तनाव को प्रबंधित करना चाहिए। विशेष जागरूकता गतिविधियां 17 मई से 16 जून तक संचालित की जाएंगी।

**वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे आज**



### स्वास्थ्य शिविर में दिया बचाव का संदेश

*इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को जांच शिविर का आयोजन स्वास्थ्य भवन में किया गया। एमडी एनएचएम डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के नेतृत्व में वहां के कर्मचारियों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं आंखों की जांच, दांतों की जांच की गई। कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति नारायण द्वारा उपसंचालक डॉ. एसके पामभोई एवं डॉ. केआर सोनवानी, डॉ. कमलेश जैन के अलावा जिला कार्यालय से एनसीडी सलाहकार डॉ. वजिंदर कौर उपस्थित थीं। डॉक्टर ने बताया कि स्वस्थ वजन बनाए रखें, अधिक वजन दिल पर अधिक दबाव डालता है और रक्तचाप बढ़ाता है। संतुलित आहार लें, फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और कम वसा वाले डेयरी खाद्य पदार्थों का सेवन करें। नियमित व्यायाम करें, रक्तचाप को स्वस्थ स्तर पर बनाए रखने के लिए नियमित शारीरिक गतिविधियां करें।*



ट्रिपल आईटी में व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर

# कॉलेज के बी-टेक और एम-टेक के छात्रों के लिए सुनहरा मौका

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर परिसर में 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बी-टेक और एम-टेक के यूजी और पीजी के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रोजगार और अनुसंधान कौशल को बढ़ावा देना है, इस दौरान डिजाइन संबंधित विषय पर जानकारियां दी जाएंगी। जानकारी के अनुसार, छात्रों को आधुनिक और प्रौद्योगिकी में उपयोगी डिजाइन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसमें बी-टेक और एम-टेक के छात्र पंजीयन कराने योग्य हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला में पायथन प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, नवीन तकनीक से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

### पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मई

कार्यशाला की शुरुआत 22 मई से होगी, इससे पहले छात्रों को पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मई है। प्रथम चरण में साइंस पायथन प्रोग्रामिंग, रोबोटिक्स, थ्रीडी प्रिंटिंग, मोबाइल एप, वेब डेवलपमेंट का परिचय दिया जाएगा। सभी पाठ्यक्रमों को 6-8 सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। कार्यशाला में भाग लेने के लिए ट्रिपल आईआईटी की वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन लिंक पर फॉर्म जमा कर सकते है। इसमें केवल तीसरे और अंतिम वर्ष के छात्रों को ही शामिल होने का मौका दिया जाएगा। सभी महाविद्यालय के छात्रों को शामिल होने का मौका दिया गया है।

समुदायों के तेजी से बदल रहे सामाजिक, आर्थिक या तकनीकी के पुरातात्विक महत्व के प्रभाव पर चर्चा

# कल्चरल डिपार्टमेंट के नेशनल सेमिनार में रामकथा पर व्याख्यान

**रायपुर।** संस्कृति विभाग सभागार में आयोजित नेशनल सेमिनार के पहले दिन रामकथा पर सारगर्भित व्याख्यान हुआ। दि फ्यूचर ऑफ म्यूजियम इन रैपिड्ली चेंजिंग कम्युनिटीज विषय पर आयोजित इस नेशनल सेमिनार में वक्ताओं ने ऐसे समुदायों जो सामाजिक, आर्थिक या तकनीकी रूप से तेजी से बदल रहे हैं, वक्ताओं ने इसके प्रभाव से रामकथा से जुड़े पुरातात्विक महत्व के अभिलेखों का संग्रहालयों में संग्रहण, संरक्षण व प्रसार पर शोध की आवश्यकता पर जोर दिया।

शुक्रवार को संस्कृति विभाग सभागार में ज्ञान की देवी सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ अतिथियों ने सेमिनार की शुरुआत की। सेमिनार में वक्ताओं ने ओडिशा, छत्तीसगढ़ में रामकथा के मान्यताओं के संदर्भ सहित दुनियाभर में अलग-अलग भाषा, लिपि में लिखित रामकथा से जुड़े पुरातात्विक महत्व के अभिलेख के परिप्रेक्ष्य में चर्चा की। संस्कृति के अनुरूप रामकथा के लेखन, मान्यताओं, पात्रों का चरित्र-चित्रण से जुड़े अभिलेखों पर वक्ताओं ने शोधपत्र भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निदेशक डॉ. संजीब कुमार सिंह ने सेमिनार की शुरुआत रामकथा पर अपने सारगर्भित व्याख्यान की। उन्होंने रामकथा संग्रहालय व अभिलेखों पर विस्तार से जानकारी दी।



***स्टूडेंट्स को पुरातत्व संग्रहण, खनन और टूरिज्म स्टडी से जोड़ने एमओयू :*** *सेमिनार के अंत में संस्कृति विभाग एवं टूरिज्म डिपार्टमेंट के साथ आईआईटी भिलाई के साथ दो एमओयू किए गए। इस मौके पर आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजू प्रकाश ने कहा कि साइंस के स्टूडेंट्स जीनियस होते हैं, उन्हें पुरातात्विक व टूरिज्म की स्टडी से जोड़ने पर इन दोनों ही क्षेत्र में नवाचार आएगा। उन्होंने संस्कृति विभाग के डायरेक्टर विवेक आचार्य का इस दिशा में पहल करने पर अभार व्यक्त किया।*




## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट और कायाकिंग केनोईंग के विजेता हुए सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन के द्वारा राष्ट्रीय कैनो सप्रिंट सीनियर जूनियर व सब जूनियर कायाकिंग केनोईंग प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

35वी राष्ट्रीय कैनो सप्रिंट जूनियर व सब जूनियर चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन 24 से 28 अप्रेल तक भोपाल में किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ के खिलाडी सौरभ साहू, शिव कुमार, निकोलस , सौरभ साहू को के-4 के 200 मीटर इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ किया एवं 35वी राष्ट्रीय कैनो सप्रिंट सीनियर चैंपियनशिप, टिहरी डैम उत्तराखंड 2024 में सी-1 केटेगरी में गणेश यदु को रजत पदक प्राप्त हुआ था। उनकी उपलब्धि पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बलदेव सिंह भाटिया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन ने पैरा केनो एवं केनो सलालम की नई बोट खरीदने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के कायाकिंग केनोईंग के खिलाड़ियों को खेल उपकरण की कमी नहीं आने दी जाएगी। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्य संघ हमेशा उनकी मदद करेगा,जिससे राज्य के खिलाडी राज्य और देश का नाम रोशन कर सके। इस आयोजन में प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, दिव्यम अग्रवाल, रविंद्र सिंह और डॉ नवीन बाफना, सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### संभागीय नेटबॉल टूर्नामेंट में 80 से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल



**रायपुर।** संभागीय नेटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन राजधानी रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय साहू (पार्षद) थे। वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से रेड्डी सर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

संभागीय टूर्नामेंट में रायपुर सहित विभिन्न जिलों से 80 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर खिलाड़ी अमन भोई, सुनील देशलहरे, आर्यन साहू, सजल भोई एवं राज साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किये। प्रदर्शन के आधार पर रायपुर संभाग की टीम का चयन किया गया, जो आगामी राज्य स्तरीय नेटबॉल टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा में भाग लेगी। कार्यक्रम के विशेष अवसर पर ग्रीष्मकालीन 21 दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ भी किया गया, जिसमें जिले के युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन अनुप यदु जिला सचिव के निर्देशन में किया गया।

### छत्तीसगढ़ के 150 खिलाड़ियों के बीच शह और मात का खेल



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सहयोग से 15 से 19 मई तक बेमेतरा में छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ कलेक्टर रणवीर शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सीईओ विनीत राजोरिया ने की और प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7,9, एवं अंडर 11 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप में उच्च स्तरीय सुविधाये खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है। 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग में आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के कुल 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है जिसमें रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बीजापुर, कोंडागांव, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, कोरिया, मुंगेली, जांजगीर चांपा, कांकेर, महासमुंद, बलौदा बाजार जिले के खिलाड़ी शामिल है।

खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फ़िडे आर्बिटर रॉकी देवांगन है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से मुख्य अतिथि जिलाधीश रणवीर शर्मा को स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

● संतुलित आहार के साथ विशेषज्ञ की सलाह पर लें सप्लीमेंट

# फिश ऑयल से विटामिन डी सप्लीमेंट तक सब आपकी सेहत के लिए, लेकिन अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है। जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट/स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है? शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो।




## विटामिन डी

ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है।

विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)।



विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी 3 की जरूरत होती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 IU तक पहुंच सकती है। हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। साथ ही यह दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ा सकती है। विटामिन डी की मात्रा बनाए रखने के लिए दैनिक आहार में सैल्मन मछली, टूना मछली, दूध, मशरूम और फोर्टिफाइड अनाज शामिल करें। 10-15 मिनट कम धूप में भी रह सकते हैं।

## फिश ऑयल सप्लीमेंट

ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था।

# दिल और दिमाग दोनों की सेहत को स्वस्थ रखना है तो करें ये तीन काम



क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।

## हार्ट और दिमाग का कनेक्शन



अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया। आइए जानते हैं कि इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

## आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

## नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम हो सकता है।



# फेंगशुई में बुरी नज़र से बचाती है ईविलआई



फेंगशुई ईविल आई नकारात्मक ऊर्जाओं के खिलाफ एक बहुत मजबूत, पारंपरिक फेंगशुई रक्षात्मक उपकरण है। गोल घेरे के आकार में आंसू-बूंद के साथ एक इंद्रधनुषी नीला कांच का क्रिस्टल एक आंख जैसा पैटर्न बनाता है जो एक पारंपरिक फेंगशुई ईविल आई प्रोटेक्शन है. गोल रूप और नीला रंग विश्वास को दर्शाता है, जबकि मध्य में प्रतिनिधित्व, चाहे रंगीन या कांस्य में ढाला गया हो, एक पवित्रता, और सतर्कता को दर्शाता है। इसका उपयोग व्यक्तिगत सुरक्षा, शिशुओं, पौधों और जानवरों, घर के बाहर या भीतर नकारात्मक ऊर्जा को दबाने के लिए किया जा सकता है। फेंग शुई ईविल आई न केवल नीले रंगों का एक आश्चर्यजनक संयोजन है जो ग्रीस में नीले और सफेद ऐतिहासिक संरचनाओं की प्राकृतिक सुंदरता में योगदान देता है, बल्कि यह ईविल आई प्रोटेक्शन के लिए एक फेंग शुई ताबीज भी माना गया है। ईविल आई का इस्तेमाल लोगों को बुरी नजर से बचाने के लिए किया जाता है। किंवदंती के अनुसार, यदि किसी को विरोधी या शत्रु द्वारा बुरी नजर दी जाती है, तो यह घातक हो सकता है या बड़ी परेशानी और दुख का कारण बन सकता है।

## घर के लिए ईविल आई प्रोटेक्शन

आप अपने घर की दीवारों को चमकीले पीले रंग से रंग कर खुद को और अपने घर को बुरी नजर से बचा सकते हैं, जो हानिकारक ऊर्जा को खत्म कर देता है। गहरे रंगों से बचना चाहिए।

## ईविल आई का उपयोग कैसे करें

आपके लिए एक बुरी नजर सुरक्षा घर होने के लिए, आपको नियमित रूप से आंतरिक स्थानों को साफ और अव्यवस्था मुक्त रखना चाहिए। जितना संभव हो उतना व्यवस्थित करें ताकि कमरे साफ-सुथरे और व्यवस्थित दिखें और आप महत्वपूर्ण वस्तुओं को जल्दी से ढूंढ सकें। इस तरह, आपके परिवार के सदस्य और यहां तक कि आपके पालतू जानवर भी स्वस्थ रहेंगे ।

# कांसे के बर्तनों का करना चाहिए इस्तेमाल, इसके फायदे ही फायदे

कांसे का इस्तेमाल भरतीय घरों में सदियों से होता आया है। ये अंग्रेजी में बेल मेटल कहा जाता है और पीतल का एक मॉडिफाइड पॉर्म होता है। इसमें थोड़ा सा तांबा और टिन भी मिला होता है। कांसा एक ऐसा मेटल है जो बहुत ही आसानी से मिल जाता है, लेकिन इसकी लोकप्रियता इस बात से नहीं है कि ये आसानी से मिल जाता है बल्कि इस बात से है कि कांसा हमारे शरीर के लिए कितना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।



आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कांसे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की है और ये भी बताया है कि आखिर क्यों कांसा बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। कांसे के बर्तन में पानी पीने से लेकर कांसे की थाली में खाना खाने तक क्यों ये सही हो सकता है। तो चलिए जानते हैं कि क्यों कांसा बहुत ही अच्छा साबित होगा। तो चलिए जानते हैं कांसे के फायदे... कैसे कांसा हो सकता है बेस्ट।

## कांसे के इस्तेमाल से तेज़ होता है दिमाग-

आयुर्वेद में 'कांस्यम बुद्धीवर्धकम' कहा जाता है जिसका मतलब कै कि कांसे के इस्तेमाल से दिमाग तेज़ होता है। ऐसा माना जाता है कि कांसे का इस्तेमाल अगर खाने और पानी पीने के लिए रोज़ाना किया जाए तो ये हमारी इम्यूनिटी भी ठीक करता है क्योंकि कांसे से खाना प्यूरिफाई होता है।

## कांसे से गर्म रहता है खाना-

कांसे के बर्तन लंबे समय तक गर्म रह सकते हैं। मेटल की प्रॉपर्टीज की बात करें तो ये हीट का अच्छा कंडक्टर है और इससे बहुत लंबे समय तक हीट रिटेन की जा सकती है। इससे खाना गर्म होता है और लंबे समय तक ये बर्तन खाने को एक जैसे तापमान पर बनाए रख सकता है।

## कांसा के बर्तन खत्म करते हैं जर्म्स-

डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक कांसा के बर्तनों में जर्मिसाइडल खूबियां होती हैं जो कांसे के प्रकार पर निर्भर करती हैं। ये खाने से संपर्क में आते ही कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक में ये खाने के बैक्टीरिया को मार सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक कांसे से पॉजिटिव चार्ज पानी में जाता है। अगर आपने 8 घंटे तक कांसे के बर्तन में पानी रखा है और उसे पी रहे हैं तो इससे हमारे शरीर के कई दोष खत्म होते हैं।















**फिल्म इवेंट**

## हॉलीवुड

# दुष्कर्म के आरोपी थियो नवारो को कान्स में रेड कारपेट पर एंट्री नहीं



कान्स फिल्म फेस्टिवल का शानदार आगाज 13 मई को हुआ। इसके बाद से ही दुनियाभर के फिल्मी सितारें रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरते नजर आए। इस बीच फ्रांसीसी अभिनेता थियो नवारो-मुसी को को रेड कार्पेट पर उतरने से मना कर दिया गया। हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी अभिनेता थियो नवारो मुसी को बलात्कार और यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के कारण कान फिल्म महोत्सव में रेड कार्पेट पर बैन कर दिया गया है। यह भी पहली बार है जब महोत्सव ने ऐसे आरोपों के कारण किसी अभिनेता पर प्रतिबंध लगाया है।

डोमिनिक मोल की फिल्म 'डोजियर 137' का 15 मई को प्रीमियर हुआ। इस फिल्म में नवारो मुसी ने अभिनय किया है। अभिनेता के ऊपर तीन पूर्व सहयोगियों ने बलात्कार, शारीरिक हिंसा और भावनात्मक शोषण का आरोप लगाया है। हालांकि, एक अदालत ने पिछले महीने प्रारंभिक शिकायत को खारिज कर दिया था। कथित पीड़ितों ने कहा है कि वह उनके खिलाफ एक मामला दर्ज करने की योजना बना रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कान के जनरल डेलिगेट थिएरी फ्रेमॉक्स ने फिल्म के निर्माताओं के साथ मिलकर अभिनेता को रेड कार्पेट समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का फैसला किया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब फ्रांसीसी फिल्म उद्योग यौन दुराचार को लेकर बढ़ती जांच का सामना कर रहा है।

## टॉलीवुड

# साउथ में भी दादा साहब फाल्के पर चर्चा, बायोपिक बनाएंगे राजामौली



फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहब फाल्के की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली निर्देशित करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इसके जरिए भारत में दादा साहब के फिल्मी योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। आइए जानते हैं कि क्या है फिल्म का नाम। रिपोर्ट के अनुसार दिग्गज फिल्म निर्माता एसएस राजामौली द्वारा इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। दादा साहब फाल्के के जीवन पर आधारित इस फिल्म का नाम है 'मेड इन इंडिया', जिसमें अभिनेता जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में होंगे और दादा साहब की भूमिका निभाते दिखेंगे। इस फिल्म को दादा साहब फाल्के के जीवन से प्रेरित बायोपिक के रूप में घोषित किया गया था। साल 2023 में ही एसएस राजामौली ने फिल्म को लेकर घोषणा की थी। अब जाकर फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार हुई तो फिल्म निर्माताओं ने इसकी कहानी साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर को सुनाई। रिपोर्ट के अनुसार अभिनेता को स्क्रिप्ट काफी पसंद आई और उन्होंने फिल्म में अभिनय के लिए तुरंत सहमति दे दी। एनटीआर को दादा साहब की अनसुनी कहानियां बेहद रास आईं, जिसे सुन कर वो हैरान रह गए। यह फिल्म एक्शन से दूर रहेगी।

दादा साहब फाल्के पर बन रही फिल्म 'मेड इन इंडिया' को दिग्गज फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। वहीं इसे वरुण गुप्त (मैक्स स्टूडियो) और एसएस कार्तिकेय (शोइंग बिजनेस) द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

## भोजपुरी

# आकांक्षा के बयान ने मचाई खलबली भोजपुरी फिल्म जगत पर कह दी यह बात



भोजपुरी सिनेमा में काम कर चुकीं आकांक्षा पुरी ने अब चौंकाने वाला बयान दिया है। आकांक्षा ने कहा है कि भोजपुरी वाले उन्हें अफोर्ड नहीं कर सकते और वहां की हीरोइनें उनसे जरूर जलती हैं। आकांक्षा ने यह भी कहा कि वह वहां ज्यादा काम नहीं करना चाहतीं।

आकांक्षा हाल ही एक पॉडकास्ट में पहुंची थीं, जिसके वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। आकांक्षा पिछले कुछ समय से भोज सिनेमा में काम कर रही हैं। उनके भोजपुरी गाने यूट्यूब खूब ट्रेंड कर चुके हैं।

आकांक्षा ने भोजपुरी में खेसारी लाल यादव के साथ कई भोज गाने किए हैं, जो हिट रहे हैं। उनकी जोड़ी भी काफी पसंद की जा रही है। लेकिन अब आकांक्षा का कहना है कि वह भोजपुरी में ज्यादा काम नहीं करना चाहतीं। साथ ही कहा कि भोज की हीरोइनें उनसे जलती हैं।

आकांक्षा से पहले खेसारी की जोड़ी काजल राघवानी, अक्षरा सिंह और आम्रपाली दुबे संग बनी। आकांक्षा ने पॉडकास्ट में कहा, 'भोजपुरी की फीमेल एक्टर्स मुझसे जरूर जल रही होंगी क्योंकि उनके गानों पर भी शायद इतने व्यूज नहीं आए, जितने मेरी बीटीएस स्टोरीज को आ जाते हैं।'

आकांक्षा ने आगे कहा, 'वहां बजट बहुत कम है।'जो पर डे (प्रति दिन) हम लेते हैं गाने का, उतने बजट में तो वहां पूरा गाना शूट हो जाता है। तो उन लोगों के लिए हम लोगों को अफोर्ड करना थोड़ा मुश्किल है। बहुत काम तो मैं वहां नहीं करना चाहती क्योंकि मेरा बहुत नुकसान हो जाएगा।'

आकांक्षा ने इसी पॉडकास्ट में खेसारी लाल यादव के बारे में बात की और उन्हें कंजूस बताया। आकांक्षा ने कहा कि उन्होंने खेसारी जितना कंजूस आज तक कोई दोस्त नहीं देखा। उन्होंने आकांक्षा को कभी कॉफी तक नहीं पिलाई।

**चटख रंगों का फैशन**

**लाइफ स्टाइल**




चटख लाल रंग के लुक और रात के लिए तैयार, परिष्कृत बैंगनी और नीले रंग के लुक के बीच डिजाइनर वरुण बहल का दिल्ली कॉउचर वीक कलेक्शन चर्चा में रहा। भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित साड़ियों के साथ दूसरे पहनावे को बेहद स्टाइलिश ढंग से यहां मॉडल ने पेश किया। लाल और सुनहरे लहंगे की पारदर्शी चोली हो या उनके सीक्विन्ड बोट नेक ब्लाउज़ के पारदर्शी कंधे, डिजाइनर वरुण बहल के कॉउचर लुक की खूबसूरती को कामुकता और परिष्कार का मिश्रण माना गया।

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं।

वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

### प्याज का ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए पहले आपको प्याज को छिलना है फिर इसे घिसकर रस निकालना है। फिर इसे अपनी आईब्रो पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपकी आइब्रो घनी हो जाएगी।हफ्तों में दिखने लगेगा असर आप इन घरेलू तरीकों का इस्तेमाल करके आइब्रो को घनी और काली बना सकती हैं।

# जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लगेंगी ब्यूटीफुल

**फैशन**



पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।



### सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन

कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

### वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन

अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं।

# एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। क्या आप जानती हैं कि लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है। इस विषय पर हमने शहनाज हुसैन से बात की है, उन्होंने हमें चेहरे पर लौंग का पानी लगाने के फायदे बताए हैं।



### क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

### क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं। चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं।

# इन घरेलू उपाय से चमक उठेंगे आपके बाल

खूबसूरत बाल पाने के लिए आजकल मार्केट में कई प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन वे आपके लिए कितने असरदार है और कितने नुकसानदायक? इसका मालूम कर पाना जरा मुश्किल है। वहीं बदलते मौसम और सही पोषण न मिल पाने के कारण हमारे बालों की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है।बता दें कि इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं क्या हैं वो घरेलू चीजें और कैसे करें इनका इस्तेमाल ताकि हमारे बालों की भी खोई हुई चमक वापिस आ पाए। बालों को चमकदार बनाने के लिए मेथी दाना और दही का इस्तेमाल करना चाहिए।



### दही लगाने के फायदे

दही रुसी की समस्या को कम करने में मदद करती है। ड्राईनेस को कम करने और बालों को पोषण देने में सहायता करती है। बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है।

### मेथी दाना लगाने के फायदे

मेथी दाना बालों की ग्रोथ में मदद करता है। साथ ही पतले बालों को वॉल्यूम देने का भी काम करता है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में भी मेथी दाना बेहद फायदेमंद होता है।

### बालों को चमकदार बनाने के लिए क्या करें?

बालों को घना बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को बारीक पीस लें और छान लें। मेथी दाने को छान लेने के बाद इसे करीब 1 से 2 घंटे तक भिगोकर रख दें। इसे सूखाने के बाद आप इसमें 3 से 4 चम्मच दही को मिलायें। इन दोनों चीजों को मिक्स करके बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगायें। बालों में करीब 1 घंटे तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से बालों को धो लें।

**कार्नर न्यूज**

**साड़ी लुक्स को ट्राई करने के साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कीजिए**

# भीड़ में भी नजर आना है अलग तो साड़ी लुक्स को करें ट्राई, जी भर के लोग करेंगे तारीफ

फेस्टिवल सीजन में हर किसी की अपनी तैयारी होती है। किसी को अपने लिए कपड़े खरीदने होते हैं तो कोई अपने लिए ज्वेलरी की शॉपिंग कर रहा होता है। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन है साड़ी को लेकर। क्योंकि उनके अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाते हैं। जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं। ऐसे में आप मार्केट में नए आए साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कर सकती हैं।

### हैवी वर्क साड़ी

अगर शादी के बाद ये आपके ससुराल में पहले त्योहार हैं तो ऐसे में आप हैवी वर्क वाली साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको सीक्वेंस वर्क, थ्रेड वर्क और स्टोन वर्क साड़ी खरीद सकती हैं। आप इन्हें डे में पहनेंगी या नाइट में उसके हिसाब से कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप लाइट इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।



### सिंपल साड़ी लुक

अगर आप सिंपल दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप शिल्पा शिंदे के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सिंपल साड़ी स्टाइल (सिंपल साड़ी स्टाइल करें) की है। जिसमें लाइट वर्क हो रखा है। आप भी इस तरीके की साड़ी को फेस्टिवल में स्टाइल कर सकती हैं। बस आपको इसके कलर को अपने हिसाब से चूज करना होगा। इस तरीके की साड़ी के साथ आप हैवी वर्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि लाइट वेट होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होती है। इन साड़ी के साथ आप हैवी इयररिंग्स और कर्ल हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

### सिल्क साड़ी करें स्टाइल

कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जिन्हें सिल्क साड़ी पहनने का काफी शौक होता है। इसके लिए आप हैवी और सिंपल वर्क दोनों तरह की साड़ी (रेडिमेड साड़ी को स्टाइल करने का तरीका) को चूज कर सकती हैं। आप चाहे तो कॉम्बिनेशन करके ब्लाउज भी स्टाइल कर सकती हैं। खास बात ये है कि ये साड़ी सीधे और उल्टे दोनों पल्लू से पहनी जा सकती है। आप इसमें कलर अपनी पसंद के हिसाब से चूज कर सकती हैं। सिल्क की सिंपल साड़ी में भी दिखेंगी लाजवाब, फॉलो करें ये स्टाइल टिप्स इस तरीके की साड़ी के साथ आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी को भी वियर कर सकती हैं। साड़ी के ऐसे और भी डिजाइन हैं जिन्हें ट्राई करके आप खूबसूरत लग सकती हैं। खास बात ये है कि इसमें आपको डिजाइन और कलर मार्केट से मिल जाते हैं। इसलिए इन्हें स्टाइल करने में भी आसानी होती है।